PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 179 ● भिलाई, बुधवार 21 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### बिटकॉइन घोटाला मामले में कोर्ट ने राज कुंद्रा को जारी किया समन

**मुंबई** । मुंबई की एक विशेष पीएमएलए कोर्ट ने बिटकॉइन घोटाले में कारोबारी राज कुंद्रा को समन जारी किया है। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल चार्जशीट का संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है। इसी मामले में दुबई स्थित कारोबारी राजेश सतीजा को भी समन जारी किया गया है। दोनों आरोपियों को अदालत में उपस्थित होने के लिए निर्देश दिया गया है। ईडी ने सितंबर 2025 में पीएमएलए के तहत दर्ज मामलों की विशेष कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर राज कुंद्रा और राजेश सतीजा को आरोपी बनाया था। जांच एजेंसी के अनुसार, कुख्यात गेन बिटकॉइन पोंजी घोटाले के मास्टरमाइंड और प्रमोटर अमित भारद्वाज ने राज कुंद्रा को यूक्रेन में बिटकॉइन माइनिंग फार्म स्थापित करने के लिए 285 बिटकॉइन दिए थे। हालांकि यह सौदा पूरा नहीं हो सका, लेकिन ईडी का दावा है कि 285 बिटकॉइन अब भी राज कुंद्रा के पास मौजूद हैं, जिनकी मौजूदा कीमत 150 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है

### नोएडा में कंस्ट्रक्शन साइट पर इंजीनियर की मौत के मामले में दो बिल्डर कंपनियों पर एफआईआर

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-150 में बिल्डर साइट पर एक इंजीनियर की मौत के मामले ने नोएडा प्राधिकरण और नामजद बिल्डर कंपनियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस मामले में दो बिल्डर कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार उन पर नोएडा प्राधिकरण का करीब 3000 करोड़ रुपए का बकाया है। हैरानी की बात यह है कि इतना बड़ा बकाया होने के बावजूद प्राधिकरण न तो अपनी राशि वसूल कर पाया और न ही निर्माण स्थल पर न्यूनतम सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करा सका। सेक्टर-150 में जिस साइट पर हादसा हुआ, वहां सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही थी। मौके पर न तो सेफ्टी बेरिकेट्स लगाए गए थे और न ही चेतावनी संकेतक मौजूद थे। इसी लापरवाही के चलते एक इंजीनियर की जान चली गई।

एनडीए को लेकर कही ये बात

# मैं कार्यकर्ता और नितिन नवीन मेरे बॉस....बोले पीएम मोदी...

नई दिल्ली/ एजेंसी

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभालेंगे। 14 दिसंबर 2025 को नितिन नवीन को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। सोमवार को चुनाव प्रक्रिया की औपचारिकता पूरी होने के बाद भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन के नाम पर आधिकारिक रूप से मुहर लग गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि निकाय चुनाव से लेकर लोकसभा चुनाव तक भाजपा जनता की पहली पसंद बन गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लगातार विस्तार हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा, 'भाजपा का कार्यकर्ता होना मेरा गर्व है। भाजापा में मेंबरशिप से ज्यादा रिलेशनशिप पर ध्यान दिया जाता है।' पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग अपनी राजनीति की शुरुआत करना चाहते हैं, वो भी भाजपा को सबसे सुरक्षित मानते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमने सत्ता को सुख का नहीं, सेवा का माध्यम बनाया है। बीते 11 वर्षों की बात करें तो भाजपा ने हरियाणा, असम, त्रिपुरा और ओडिशा में पहली बार अपने सामर्थ्य से सरकार बनाई है। पश्चिम बंगाल में जनता की आवाज बनकर सामने आई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'नितिन नवीन को केवल भाजपा ही नहीं, एनडीए के घटक दलों से भी समन्वय बनाना है। नितिन ने खुद को साबित किया है।' पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले 25 वर्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। आने वाले वर्षों में विकसित भारत का निर्माण



होना है और यह तय है। पीएम मोदी ने कहा कि नितिन नवीन मिलेनियल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नवीन को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि नितिन नवीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, 'बीते कई महीनों से संगठन पर्व यानी पार्टी की छोटी-सी इकाई से लेकर अध्यक्ष चुनने की व्यापक प्रक्रिया शत-प्रतिशत लोकतांत्रिक तरीके से, भाजपा के संविधान की स्पिरिट को और उसमें बताई गई हर बात को ध्यान में रखकर लगातार चल रही थी, आज उसका विधिपूर्वक समापन हुआ है। संगठन पर्व का यह विशाल आयोजन, भाजपा की लोकतांत्रिक आस्था, संगठनात्मक अनुशासन और कार्यकर्ता केंद्रित सोच का प्रतीक है। मैं देशभर के कार्यकर्ताओं का इस प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'बीते एक डेढ़ वर्षों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती, अटल जी की 100वीं जन्म जयंती, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष, ऐसे महापर्व हम मनाते रहे हैं। ये वे प्रेरणाएं हैं, जो देश के लिए जीने के हमारे संकल्प को और मजबूत करती हैं। हमारा नेतृत्व परंपरा से चलता है, अनुभव से समृद्ध होता है ।

### भाजपा ने शून्य से लेकर शिखर तक का सफर देखा


अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, अटल जी, आडवाणी जी और मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में भाजपा ने शून्य से लेकर शिखर तक का सफर देखा है। उन्होंने कहा कि इस सफर में वेंकैया नायडू और नितिन गडकरी समेत हमारे कई वरिष्ठ साथियों ने संगठन को विस्तार दिया। राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पहली बार भाजपा ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया। पीएम मोदी ने कहा कि अमित शाह के नेतृत्व में देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं और लगातार दूसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। फिर जेपी नड्डा जी के नेतृत्व में भाजपा पंचायत से लेकर संसद तक और सशक्त हुई और लगातार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी।

ओम बिरला ने बजट सत्र से बदला नियम

# लोकसभा सदन में एमपीएस की गैरहाजिरी पर लगेगी लगाम........

नई दिल्ली/ एजेंसी

संसदीय कार्यवाही में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के उद्देश्य से, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घोषणा की है कि अब सांसदों की उपस्थिति तभी दर्ज की जाएगी जब वे सदन में अपने निर्धारित सीटों पर शारीरिक रूप से उपस्थित होंगे। यह नया नियम आगामी बजट सत्र से प्रभावी होगा। बिरला ने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान मीडियाकर्मियों से संक्षिप्त बातचीत में यह जानकारी दी। लोकसभा अध्यक्ष ने सूचित किया कि संसद परिसर में सदन कक्ष के बाहर से सदस्यों को उपस्थिति दर्ज करने की पूर्व



व्यवस्था को समाप्त किया जा रहा है, जो विधायी कामकाज में गंभीरता और अनुशासन की आवश्यकता को रेखांकित करता है। बिरला ने कहा कि अब उपस्थिति तभी दर्ज की जाएगी जब सदस्य सदन के अंदर बैठे होंगे। पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। साथ ही, सदन स्थगित होने के बाद कोई भी सदस्य उपस्थिति दर्ज नहीं कर सकता, भले ही यह व्यवधान के कारण हो। इस कदम से सदस्यों को प्रतिदिन कार्यवाही की शुरुआत से सदन में उपस्थित होने के लिए प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। अध्यक्ष ने कहा कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि उपस्थिति संसद परिसर में मात्र उपस्थिति के बजाय सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी को सटीक रूप से दर्शाए। उपस्थिति को सदन में शारीरिक उपस्थिति से जोड़कर, इस पहल का उद्देश्य सदस्यों को वाद-विवाद और चर्चाओं के दौरान उपस्थित रहने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण ने तोड़ा कई दिनों का रिकॉर्ड


**नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण ने बीते कई दिनों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद सहित पूरे एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) बेहद गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। कई इलाकों में एक्यूआई 450 से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि कुछ स्थानों पर यह 500 के करीब पहुंचता नजर आया। प्रदूषण की भयावह स्थिति के चलते पूरा एनसीआर मानो गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। दिल्ली के हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। दिल्ली के अधिकांश मॉनिटरिंग स्टेशनों पर एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार में एक्यूआई 461, अशोक विहार में 471, बवाना में 442, चांदनी चौक में 454, जहांगीरपुरी में 468, रोहिणी में 471, विवेक विहार में 472 और वजीरपुर में 473 दर्ज किया गया।**

नोटिस मिलने पर पर भड़के अविमुक्तेश्वरानंद

# राष्ट्रपति को भी शंकराचार्य तय करने का अधिकार नहीं है........

नई दिल्ली/ एजेंसी

प्रयागराज में शंकराचार्य को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अब शासन और प्रशासन पर सीधा और तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि न तो प्रदेश का मुख्यमंत्री और न ही देश का राष्ट्रपति यह तय कर सकता है कि शंकराचार्य कौन है। यहां तक कि राष्ट्रपति को भी शंकराचार्य तय करने का अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि मेला प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नोटिस जारी कर उनके शंकराचार्य पद पर सवाल



उठाया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा, शंकराचार्य वही होता है जिसे बाकी तीन पीठों के शंकराचार्य स्वीकार करें। तीन पीठों में से दो पीठों के शंकराचार्य हमें शंकराचार्य मानते हैं। पिछले माघ मेले में भी वे हमारे साथ स्नान कर चुके हैं। जब स्वयं द्वारका और शृंगेरी के शंकराचार्य कह रहे हैं कि आप शंकराचार्य हैं और साथ में स्नान कर रहे हैं, तो फिर और किस प्रमाण की जरूरत है? उन्होंने आगे कहा, क्या प्रशासन यह तय करेगा कि कोई शंकराचार्य है या नहीं? क्या उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री तय करेगा या फिर देश का राष्ट्रपति? भारत के राष्ट्रपति को भी यह अधिकार नहीं है कि वह तय करें कि कौन शंकराचार्य है और कौन नहीं। शंकराचार्य का निर्णय शंकराचार्य ही करते हैं। पूरी के शंकराचार्य ने इस पर कुछ नहीं कहा है, वे मौन हैं। सुप्रीम कोर्ट में उनके एफिडेविट को लेकर कहा गया कि उन्होंने विरोध किया है।

ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सिल्वर

# चांदी की चमक से गुलजार हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में सोमवार को जोरदार तेजी देखने को मिली। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में दोनों कीमती धातुएं रिकॉर्ड स्तर के आसपास कारोबार करती दिखीं। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कमजोर अमेरिकी डॉलर के चलते निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर आकर्षित हुए, जिसका सीधा असर सोने और चांदी की कीमतों पर पड़ा। घरेलू बुलियन मार्केट में चांदी का भाव एक किलो के हिसाब से 3,30,000 रुपये तक पहुंच गया। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में चांदी में थोड़ी कमजोरी देखी गई।



स्ष्टङ्क पर चांदी का भाव करीब 3,06,499 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जो पिछले बंद भाव से कम था। हालांकि चांदी ने जल्द ही रफ्तार पड़ ली और 10 बजे तक 3,19,492 तक पहुंच गया। वहीं सोना मजबूत रुख के साथ ऊंचे स्तर पर खुला एक बार फिर नया रिकॉर्ड बनाते हुए सोने की कीमत 1,45,950 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया।

### अमेरिकी लड़की संग दिल्ली मेट्रो में शख्स ने की गंदी हरकत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित स्टीवन्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत भारतीय मूल के प्रोफेसर गौरव सबनीस की एक पूर्व छात्रा के भारत दौरे के दौरान कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय हुई, जब छात्रा दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर रही थी। इस घटना के बाद सुरक्षा और सामाजिक संवेदनशीलता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रोफेसर गौरव सबनीस ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक नोट में बताया कि नवंबर में उनकी एक पूर्व छात्रा उनसे भारत यात्रा को लेकर सलाह लेने आई थी।

जंगल से मिला मौत का सामान

# मिली बड़ी सफलता, धमतरी में बड़ा सीक्रेट डंप बरामद, एसएलआर-मैग्जीन और बंदूकें जब्त....

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक आत्मसमर्पित महिला नक्सली की निशानदेही पर नक्सलियों द्वारा छुपाए गए हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। यह बरामदगी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग अभियान और खुफिया तंत्र को मजबूत करने का परिणाम है। बीते दिनों जनवरी 2026 में, 5 लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली भूमिका उर्फ गीता उर्फ लता उर्फ सोमारी ने छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर माओवाद की हिंसक विचारधारा को त्याग दिया था और मुख्यधारा में लौटी थी। उसके द्वारा दी गई महत्वपूर्ण सूचना और निशानदेही के आधार पर,



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हथियारों के इस डंप को बरामद किया। आत्मसमर्पित महिला नक्सली की निशानदेही पर, डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) धमतरी ने एक विशेष नक्सल सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान, नगरी जिले के कबदौड़पंडरीपानी के जंगल क्षेत्र में माओवादियों द्वारा जमीन में गड्ढा खोदकर छुपाए गए हथियारों का डंप बरामद किया गया। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों की नजर से बचने के लिए हथियारों को जमीन में गहरा गड्ढा बनाकर, ऊपर से पत्तियों और प्राकृतिक सामग्री से ढका हुआ था। बरामद किए गए हथियारों में एक एसएलआर 7.62 एमएम ऑटोमेटिक राइफल, एसएलआर की दो खाली मैगजीन, एक 12 बोर की बंदूक और एक भरमार बंदूक शामिल हैं। यह बरामदगी धमतरी पुलिस और डीआरजी के लिए नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है, जो क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

लड़ते रहें, डरे नहीं-राहुल गांधी

# पूरे देश की ताकत सिर्फ अपने हाथों में चाहते हैं नरेंद्र मोदी... जमीन के साथ छीने जा रहे हैं आपके हक......

रायबरेली/ संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने गढ़ में मोदी सरकार पर जमकर बरसे। कहा कि आरएसएस, नरेंद्र मोदी अंबेडकर और संविधान व गांधी जी की सोच मिटाना चाहते हैं। आजादी से पहले जैसा हिंदुस्तान था, वैसा ही हिंदुस्तान आज भी है। किसानों की जमीनें छीनी जा रही है। आपके सारे हक छीने जा रहे हैं। योजनाएं छीनी जा रही हैं। योजना और उनका पैसा अदाणी व अंबानी को दिया जा रहा है। आपकी जमीन भी उनके हवाले की जा रही है। आप भुखमरी की ओर खड़े दिखाई दे रहे हैं। मीडिया से बातचीत में कहा कि हिंदुस्तान की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है। किसानों और मजदूरों की सरकार नहीं है। इस देश को अदानी और अंबानी की सरकार से कोई फायदा नहीं होने वाला है। मनरेगा के मजदूर यहां आए हैं। आपको घबराना नहीं है। कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी है। हम केंद्र सरकार की योजना को सफल नहीं होने देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा योजना को मिटाने की जो कोशिश हो रही है, उसके खिलाफ



पूरे देश में पार्टी लड़ाई लड़ेगी। राहुल गांधी ने एक दिवसीय दौरे पर सुबह सबसे पहले भुएमऊ गेस्ट हाऊस में पार्टी पदाधिकारियों व आम जनता से मुलाकात किया। यहीं पर सांसद निधि से कराए गए दो करोड़ 61 लाख रुपये के 31 कार्यों का लोकार्पण और 50.39 लाख रुपये के आठ कार्यों का शिलान्यास किया। राहुल गांधी ने आईटीआई कॉलोनी स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोहन सोनकर के आनंद नगर स्थित घर पहुंचकर दामाद ओम प्रकाश सोनकर, बेटी पूर्णिमा सोनकर को आशीर्वाद दिया। दोनों की हाल में ही शादी हुई है। रोहनिया ब्लॉक के उमरन गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के जरिए मोदी सरकार को घेरा। उमरन गांव में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम के दौरान भी राहुल गांधी मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा हमारी तीन टर्म की सरकार में मनरेगा का जो कांसेप्ट था, उसमें पंचायतों को जिम्मेदारी देने की बात थी। उनको फाइनेंसियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। उस दौरान दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं, उनके लिए मिनिमम वेज बने। जिससे कम कहीं भी किसी को वेज न मिले। नरेंद्र मोदी यह नहीं चाहते हैं। वह पावर को पावर कांसेप्टेड करना चाहते हैं।

एक साथ उठी 6 लोगों की अर्थियां

# अंतिम यात्रा के समय हर आंखों से छलके आंसू....

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के पीपरसोत गांव में एक साथ 6 लोगों की अर्थियां उठी है। यह दृश्य देखकर पूरा गांव रो पड़ा। इसके अलावा जिले के चार अन्य गांवों में भी एक-एक शव पहुंचा। इन सभी लोगों की मौत ओरसा पाठ में हुए बस हादसे में हुई थी। पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन ने शवों को उनके पैतृक गांवों में भिजवाया, जहां विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। 18 जनवरी को ये सभी लोग झारखंड के लोढ़ फॉल गांव में आयोजित एक सगाई समारोह में शामिल होने के लिए स्कूल बस से रवाना हुए थे।



इसी दौरान ओरसा पाठ इलाके में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दर्दनाक हादसे में कुल 10 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में छह लोग पीपरसोत गांव के निवासी थे, जबकि चार लोग अन्य गांवों से थे। प्रशासन द्वारा सभी मृतकों के शव उनके गांव लाए गए, तो पीपरसोत गांव में मातम पसर गया।

CMYK

### जिला शहर कांग्रेस कमेटी के हस्तक्षेप के बाद तीन महीने का वेतन तत्काल जारी करने का दिया आश्वासन

# भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में नगर निगम में वेतन संकट : कांग्रेस

**राजनांदगांव।** भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में नगर निगम राजनांदगांव का दिवालिया निकल रहा है। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि हालात ऐसे हैं कि सफाई मजूदरों को सात महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। सफाई ठेकेदारों की मनमानी से तीन साल से ईपीएफ नहीं डाला जा रहा है। और तो और मजदूरों को कलेक्टर दर से कही कम वेतन भुगतान हो रहा है। तीन-पांच साल पुराने अनुकंपा नियुक्ति के मामले भी अब तक अटके हुए हैं। इस मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे सफाई मजदूरों की मांगों को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने निगम प्रशासन के सामने कड़ी नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस के दबाव बनाने के बाद निगम प्रशासन ने मजदूरों को तत्काल तीन माह का वेतन भुगतान के साथ ही अन्य




मांगों को लेकर भी आश्वस्त किया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के हस्तक्षेप के बाद सफाई कर्मियों से जुड़ा मामला सुलझा और हड़ताल समाप्त हुई। मुदलियार ने कहा कि गरीब तबके के लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जल पा रहा है और स्थानीय विधायक डॉ रमन सिंह, महापौर मधुसूदन यादव उदासिन रवैया अपना रहे हैं। ट्रिपल इंजन की सरकार में विकास-रोजगार का वायदा छल साबित हो रहा है। निगम की माली हालत सुधारने किसी तरह के प्रयास नहीं किये जा रहे हैं जिसका असर निगम में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने का दायित्व निभा रहे सफाई कर्मियों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया बार बार दोहराया जा रहा है। एक ओर तो स्वच्छता दिवस पर इनका सम्मान करने का ढोंग किया जाता है दूसरी ओर इनकी आजिविका पर खेल चल रहा है। सोमवार को प्रदर्शनरत मजदूरों के साथ जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुदलियार ने आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने मुलाकात की और तत्काल बकाया भुगतान देने की मांग की। उन्होंने कर्मियों के ईपीएफ भुगतान, अनुकंपा नियुक्ति के अटके मामले, कलेक्टर दर पर मजदूरी और अन्य सुविधाएं भी मुहैया कराने की मांग रखी। कांग्रेस के तीखे विरोध के बाद आयुक्त ने तत्काल सफाई कर्मियों को तीन महीने का वेतन जारी करने की बात कही। इसके अतिरिक्त बकाया वेतन का मार्च तक भुगतान, ईपीएफ की राशि डालने कड़े निर्देश जारी करने, अतिरिक्त कलेक्टर दर पर भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने और अनुकंपा नियुक्ति के अटके मामलों को जल्द सुलझाए जाने पर भी आश्वस्त किया गया है। इस दौरान जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुदलियार के साथ नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पार्षद युवराज भारती, मुकेश साहू, राजिक सोलंकी, गोलू महानंद, राकेश चंद्राकर, गोलू नायक सहित अन्य मौजूद थे।

# डॉ. आरएल हास्पीटल में 6 माह की अवस्था में जन्मी बच्ची ने जिंदगी और मौत के बीच जंग जीती

**रायगढ़।** शहर के गौशाला पारा में स्थित डॉ. आरएल हास्पीटल में 6 माह की अवस्था में जन्मी बच्ची ने विशेषज्ञ डॉक्टरों की तत्परता से जिंदगी और मौत के बीच जंग जीत ली है। समय से पहले जन्म होने के कारण उसकी हालत बेहद गंभीर थी। नवजात शिशुओं के लिए सांस लेने में बेहद जरूरी होता है। इस स्थिति को भांपते हुए डॉक्टरों ने बिना एक पल गंवाए बच्ची को सर्फेक्टेंट दिया। जिस वजह से बच्ची अब पूरी तरह स्वस्थ्य हो चुकी है। परिजनों ने भी डॉ. आरएल हास्पीटल के डाक्टरों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। मिली जानकारी के अनुसार डॉ. आरएल हास्पीटल के डायरेक्टर प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि बच्ची का जन्म 25 अक्टूबर 2025 की सुबह 6:30 में हुआ उस समय वह अपनी मां के पेट में 6 माह की थी और वजन 650 ग्राम था। जन्म के बाद बच्ची को सांस लेने में समस्या होनें लगी क्योंकि फेफड़ो में सर्पेक्टेंट की कमी की वजह से थी। इसके बाद बच्ची को तुरंत सर्पेक्टेंट दिया गया जिसकी वजह से सांस लेने में कुछ राहत हुई। बच्ची को तीसरे दिन से आहारनली के माध्यम से मां का दुध थोड़ी मात्रा में शुरू किया गया। आठवे दिन बच्ची बीच-बीच में सांस नही ले पा रही थी, जिसे एप्लीया कहते है जिसके कारा वेंटीलेटर के माध्यम से सांस देना पड़ा। सुधार होनें के पश्चात 10 दिन बाद वेंटीलेटर हटा दिया गया और वजन बढ़ाने की सारी आवश्यक दवाईयां भी शुरू की गई। दिन प्रतिदिन दूध की मात्रा भी बढ़ाई गई और इस तरह बच्ची का वजन 2 महीने में बढ़कर डेढ़ किलो हो चुका है।

# चोर बेखौफ, एक ही रात दुकान और बंद मकान साफ

### अब जांच पर सवाल,एक और वारदात, फिर वही सवाल रामानुजगंज में चोर कब पकड़े जाएंगे?



**रामानुजगंज।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 3 में बीती रात चोरों ने बेखौफहोकर एक किराना दुकान और एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए नगदी और जेवरात पर हाथ साफकर दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो पाने से चोरों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं।

**ताला तोड़ नकदी और सामान ले उड़े-**सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाबा दुकेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित प्रदीप गुप्ता की किराना दुकान का ताला तोड़कर चोर नगदी के साथ किराना सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने पहुंचा तो ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखने पर चोरी की पुष्टि हुई।

**बंद मकान, नगदी-जेवरात गायब-**इसी वारदात में चोरों ने पास ही स्थित अरविंद प्रजापति के बंद मकान को भी निशाना बनाया। बताया गया कि अरविंद प्रजापति घर से बाहर गए हुए थे, जबकि उनका पुत्र अमन प्रजापति अकेला होने के कारण रात में अपने चाचा के घर सोने चला गया था। सुबह लौटने पर उसने देखा कि घर का दरवाजा टूटा हुआ है, अंदर सामान बिखरा पड़ा है और नगदी व जेवरात गायब हैं।

**फैली सनसनी,पुलिस जांच में जुटी-**एक ही रात में दो जगह चोरी की घटना सामने आने से पूरे वार्ड में दहशत और आक्रोश का माहौल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, मौका मुआयना किया और अज्ञात चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

**सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था-**स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई वर्षो से शहर में हुई चोरी की घटनाओं का आज तक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे चोरों को खुली छूट मिल रही है और नगर की रात्रिकालीन सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# विकलांग विमर्श : एक अध्ययन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया गया

**मुंगेली।** सोनकर कॉलेज, मुंगेली में आयोजित 19वीं दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य और गरिमामय समापन हो गया। यह आयोजन 17 एवं 18 जनवरी 2026 को विकलांग विमर्शः एक अध्ययन÷ विषय पर आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों, प्राचार्यो, प्राध्यापकों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम मुंगेली क्षेत्र का अब तक का सबसे बड़ा और गौरवशाली राष्ट्रीय शैक्षणिक आयोजन माना जा रहा है।कॉलेज के डायरेक्टर शिव आशीष सोनकर ने बताया कि संगोष्ठी का शुभारंभ 17 जनवरी को डॉ. व्ही. के. सरस्वत, कुलपति पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में तथा डॉ. विनय कुमार पाठक, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद एवं कुलपति थावे विद्यापीठ, गोपालगंज (बिहार) की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में न्यायमूर्ति चंद्र भूषण वाजपेई (पूर्व न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय), मदन मोहन अग्रवाल (राष्ट्रीय महामंत्री, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद), संतुलाल सोनकर



(संस्थापक, सोनकर कॉलेज) एवं शिव आशीष सोनकर विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहे। तकनीकी सत्रों में गहन शैक्षणिक विमर्शः राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. गजेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रातः 9:30 बजे से पंजीयन के बाद उद्घाटन सत्र संपन्न हुआ। पूर्वाह्न 11 बजे से तकनीकी सत्रों की शुरुआत हुई। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता अमलनेर, महाराष्ट्र के सुविख्यात शिक्षाविद डॉ. सुरेश माहेश्वरी ने की। इस सत्र में डॉ. रामशंकर भारती (झांसी, उत्तर प्रदेश), डॉ. अनीता सिंह (बिलासपुर) एवं डॉ. विनोद कुमार वर्मा (बिलासपुर) की विशेष उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि प्रोफेसर सी. के. सरस्वत, कुलपति पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय ने कहा कि सोनकर कॉलेज विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यहां विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं, जिनमें आसपास के जिलों के साथ-साथ अन्य जिलों के छात्र-छात्राएं भी अध्ययन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल मंच की, और यह कार्य सोनकर कॉलेज बखूबी कर रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. विनय कुमार पाठक ने कहा कि विकलांग विमर्श एक गंभीर एवं महत्वपूर्ण शोध विषय है, जिस पर देशभर में उच्च स्तरीय शोध कार्य हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सोनकर कॉलेज से भी इस दिशा में शोधार्थी आगे आएंगे। उन्होंने इसे अब तक का सबसे बड़ा आयोजन बताया। दूसरे और तीसरे तकनीकी सत्र में विविध राज्यों की भागीदारी दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. रामगोपाल सिंह (गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद) ने की। इस सत्र में डॉ. मीना सोनी (झारसुगुड़ा, ओडिशा) और डॉ. पायल लिल्हारे (निवाड़ी, मध्यप्रदेश) ने अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक संध्या में सोनकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभागार को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। द्वितीय दिवस तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. मीनकेतन प्रधान (रायगढ़, छत्तीसगढ़) ने की। मंच पर डॉ. श्रीधर गौरहा (बिलासपुर), लिप्सा पटेल (सुंदरगढ़, ओडिशा) एवं डॉ. स्मृति जैन उपस्थित रहीं। सभी वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में संस्था की प्रगति की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महाशिवरात्रि पर्व को भव्य बनाने भोले मंदिर बेलादुला में हुई तैयारी बैठक



**रायगढ़।** भोले मंदिर, भोले नगर बेलादुला में आगामी माह में आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि पर्व के पूजा कार्यक्रम एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों को लेकर मंदिर पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि को भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप से मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव और प्रस्ताव रखे। विशेष रूप से रुद्राभिषेक एवं हवन की तैयारियों, श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था, भजन संध्या के आयोजन, मंदिर परिसर की साफ -सफाई तथा समग्र आयोजन के बजट पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस बैठक में अजय मिश्रा, दीपक आचार्य, प्रमोद कुमार पंडा, परमेश्वर मालाकार, शेषाचार्य तिवारी, जे.पी. असाटी, सुदर्शन साडू, चंद्रशेखर साहू, जयशंकर कुल्हाड़ा, पंडित सौरभ मिश्रा सहित मंदिर समिति के सदस्यगण एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर महाशिवरात्रि पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

# उत्तर पाटन के विभिन्न ग्रामों में जस गीत झांकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, क्षेत्र के जनप्रतिनिधी हुए शामिल

**अम्लेश्वर।** पाटन विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उत्तर पाटन के विभिन्न ग्रामों में जस गीत झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 17 और 18 जनवरी को किया गया।कार्यक्रम के शुभारंभ गांव के प्रमुखों और समाज सेवकों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात लगातार शनिवार रविवार को अनवरत जगत जननी मां दुर्गा की भजन गायन कर लोगों का मन मोह लिया साथ आकर्षक झांकी ने लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लगातार समय अनुसार दिनभर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का आगमन होता रहा। जंहा जिला पंचायत सभापति श्रीमती नीलम राजेश चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भाजपा नेत्री हर्षा लोकमनी चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर,नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर,पूर्व मंडल अध्यक्ष लोक मनी चंद्राकार,भाजपा नेता सुरेंद्र साहू, पूर्व जनपद डॉ





घनश्याम कौशिक, ग्राम पंचायत सरपंच रुपेंद्र राजू साहू, रवि सिंगौर,मोहन लोधी, अमृत सिंह राजपूत, अहेंद्र चेलक, धर्मेंद साहू, हरिश ठाकुर सहित अन्य क्षेत्र के नेता गण जस गीत झांकी प्रतियोगिता पंडाल में समय अनुसार शामिल हुए जिसका अजाक समितियां के द्वारा शाल श्रीफल सहित मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही आभार व्यक्त किया गया। इन ग्रामों में हुआ जस गीत झांकी प्रतियोगिताः अम्लेश्वर ,सांकरा, मोतीपुर, खम्हरिया, पाहंदा(अ), परसदा,मगरघटा, भोथली, घुघुवा, पचपेड़ी, नारधी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जसगीत झांकी प्रतियोगिता का यह मंच संस्कृति, श्रद्धा व संस्कार की जीवंत दर्शन है। यहां सजी झांकियां केवल दृश्य नहीं बल्कि हमारी आस्था की चलती-फिरती कथाएं हैं। देवी जस गीत केवल शक्ति की प्रतीक नहीं वह साहस, करुणा और लोक चेतना की अधिष्ठात्री है। जब-जब समाज में संकट आया है तब-तब माता दुर्गा विभिन्न रूपों में अवतरित होकर समाज को उबारा है, जो कि समाज को नई दिशा देती है और जब संस्कृति पर आघात होता है तो यही झांकी उसे नई ऊर्जा देती है। हिंदू समाज में धर्म परिवर्तन तेजी से हो रही है उसे रोकने के लिए ऐसे धार्मिक मंच का सजना अति आवश्यक है जिससे नई पीढ़ी को हमारे हिंदू संस्कृति का बोध हो सके।

# 'राडा ऑटो एक्सपो 2026', मिलेगी रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट

- **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे एक्सपो का शुभारंभ, 300 से ज्यादा लगे स्टॉल**




**रायपुर।** अब इंतजार की घड़ियां खत्म हुई। बहुप्रतीक्षित ऑटोमोबाइल मेले 'राडा ऑटो एक्सपो-2026' की तैयारियां पूरी हो चुकी है। राजधानी रायपुर के श्री राम बिजनेस पार्क में 20 जनवरी से 17 दिवसीय भव्य ऑटोमोबाइल महाकुंभ शुरू होगा जो कि 5 फरवरी तक चलेगा। एक्सपो में रोड टैक्स पर 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके साथ ही डीलर्स और कंपनियों ने भी अपनी ओर से आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। राडा ऑटो एक्सपो 2026 का औपचारिक और भव्य उदघाटन बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कर-कमलों द्वारा संपन्न होगा। इस गौरवशाली अवसर पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी और परिवाहन मंत्री केदार कश्यप की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही राज्य के कई अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की भी इस उदघाटन समारोह में मौजूदगी रहेगी। छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग द्वारा दी गई सौगात के तहत राडा ऑटो एक्सपो-2026 में ऑटो एक्सपो ग्राउंड से खरीदी गई हर गाड़ी पर आर.टी.ओ. लाइफटाइम टैक्स में 50% की छूट मिलेगी। राज्य सरकार का यह कदम मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए अपने सपनों की कार या दुपहिया वाहन खरीदने के अवसर को और भी सुलभ देगा। राडा ने इस अभूतपूर्व निर्णय को ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए गेम चेंजर करार दिया है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन और पदाधिकारियों अमर पारवानी, मनीष राज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, कैलाश खेमानी, जयेश पिथालिया, शशांक शाह, विवेक गर्ग, विवेक अग्रवाल और मुकेश सिंघानिया ने बताया कि एक्सपो की तैयारियां पूरी हो चुकी है। एक ही छत के नीचे बुकिंग, फाइनेंस, इंश्योरेंस, रजिस्ट्रेशन से लेकर सभी सुविधाएं मिलेंगी। एक्सपो में 300 से ज्यादा स्टॉल लगाए जा रहे हैं। एक्सपो में देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों के नवीनतम मॉडल, लक्जरी गाड़ियां और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की एक श्रृंखला यहां प्रदर्शित की जाएगी। ग्राहकों को एक ही पर सभी ब्रांड्स की तुलना करने का मौका मिलेगा। राडा के पदाधिकारियों ने बताया कि एक्सपो स्थल पर आरटीओ का स्टॉल भी लगेगा। आरटीओ की टीम मौजूद रहेगी और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद मौके पर ही वाहनों का पंजीयन करेगी।

# प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी छ.ग.राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन फुड प्लाजा में रहा दुर्ग 206 की संख्या जिले की लहराया परचम

**दुर्ग ।** प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी 2026 का आयोजन छत्तीसगढ़ के जिला बालोद के ग्राम दुधली में 9 से 13 जनवरी तक किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष जिला संघ दुर्ग सह राज्य आयुक्त (रोवर) अशोक देशमुख, जिला उपाध्यक्ष सुनिता संजय बोहरा, जिला मुख्य आयुक्त जीत यादव,जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में नोडल अधिकारी प्रदीप महिलांगे सहायक जिला आयुक्त स्काउट, सहायक नोडल अधिकारी श्रवण सिन्हा, लिंक अधिकारी तनवीर अकील के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले से 84 रोवर, 85 रेंजर, 22 स्काउटर और 15 गाइडर राज्य और जिले से कुल 206 की संख्या में अपनी प्रतिभागिता एवं सहभागिता दिए । जम्बूरी में छत्तीसगढ़ राज्य ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 9 'ए'





ग्रेड और 6 ' बी' ग्रेड प्राप्त किया। जिला टीम में डी.टी.सी.स्काउट नीरज साहू जम्बूरी प्रभारी रोवर विंग, डी.ओ.सी. गाइड अमीता हरमुख जम्बूरी प्रभारी रेंजर विंग, आनंद राम बघेल जिला सचिव, डी. टी.सी.सरस्वती गिरिया,द्वारा सभी के सहयोग से एरिना के अंदर फुड प्लाज्मा का बेहतरीन प्रदर्शन लगाये , ललित कुमार बिजौरा विकासखंड पाटन सचिव एवं परिवहन , पर्यटन यातायात प्रभारी , संजय मानिकपुरी परिवहन एवं पर्यटन यातायात प्रभारी , देवेन्द्र कुमार देवांगन पंजीयन प्रभारी, हेमा चंद्रवंशी, मोहन लाल साहू, ईश्वरी प्रसाद साहू, दुर्गेश शुक्ला, भुनेश्वर जंघेल, ए. अमृतराव, अनिल साहू, कैलाश नागवंशी, प्रमोद कुर्रे, अरुण पटेल, लखेश्वर साहू, वरुण निषाद, हरिश्चंद्र देश प्यारे, प्रेमलता योगी, ऐश्मीन बजारे, ममता राजपूत,कल्पना शुक्ला, दीक्षा तिवारी, मृदुला शरन, नोमिन साहू, नीता त्रिपाठी, शशिकला पान्डेय, निकिता, गतिविधि प्रभारी के रूप में अपनी सेवाएं दिए। राष्ट्रीय स्तर के इस सफ ल आयोजन में सहभागिता के लिए जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा एवं जिला संगठन आयुक्त बालक दास राऊत ने सभी रोवर - रेंजर्स, सीनियर स्काउट-गाइड और जिला टीम यूनिट लीडर स्काउटर गाइडर को हार्दिक बधाई दी।

# एजेंडा तय,जनता गायब! सामान्य सभा पर बवाल पार्षदों का खुला विरोध

**राजपुर।** नगर पंचायत राजपुर की सामान्य सभा पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। बीते दो बैठकों के बाद अब 22 जनवरी को प्रस्तावित सामान्य सभा के एजेंडे में भी लोकहित और वार्ड विकास से जुड़े मुद्दों को शामिल नहीं किए जाने से पार्षदों में आक्रोश है। नाराज पार्षदों ने कलेक्टर बलरामपुर के नाम एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि सामान्य सभा अब केवल कोरम पूरा करने की प्रक्रिया बनकर रह गई है। वार्डो से जुड़ी समस्याएं और विकास प्रस्ताव लगातार नजरअंदाज किए जा रहे हैं, जिससे जमीनी स्तर पर विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पार्षदों ने मांग की है कि प्रस्तावित बैठक को निरस्त कर सभी पार्षदों से वार्ड विकास के प्रस्ताव मंगाए जाएं और उसके बाद नई सामान्य सभा




आयोजित की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि मांगें नहीं मानी गईं तो वे सामान्य सभा का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन की एक प्रति संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, अंबिकापुर को भी भेजी गई है। ज्ञापन सौंपते समय पार्षद प्रभात रंजन त्रिपाठी, विश्वास कुमार गुप्ता, सुंदरसाय पोर्ते, नेहा और राहुल भारती मौजूद रहे।

# लापता नाबालिग बालिका दस्तयाब, प्रेमजाल में फंसा कर भगाने वाला युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ पुलिस ने थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब करते हुए उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले युवक को दीनदयाल कॉलोनी से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक 01 दिसंबर को बालिका की मां द्वारा थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी 19-20 नवंबर को दीदी के घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर भगा लिया गया है। रिपोर्ट पर थाना कोतरारोड़ में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में गुम बालिका और संदेही की लगातार पतासाजी की



जा रही थी। विवेचना के दौरान आज मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कोतरारोड़ पुलिस टीम ने दीनदयाल कॉलोनी, ढिमरापुर चौक रायगढ़ से बालिका को आरोपी नरेश तिग्गा (उम्र 26 वर्ष) के कब्जे से दस्तयाब किया। आरोपी और अपहृता को थाना लाकर पूछताछ की गई। अपहृता ने अपने कथन में बताया कि आरोपी नरेश तिग्गा से उसका प्रेम संबंध था। आरोपी उसे शादी का झांसा देता था और 20 नवंबर 2025 की शाम दीदी के घर से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अब 6-8 फरवरी तक होगा बस्तर पंडुम का संभाग स्तरीय आयोजन

**रायपुर।** बस्तर पंडुम के संभाग स्तरीय आयोजन की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत अब इसका आयोजन 6-8 फरवरी तक संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में होगा, जहां जिला स्तर पर बस्तर पंडुम के अतंर्गत आयोजित 12 विधाओं के विजेता दल एवं कलाकार शामिल होंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर जनजातीय बहुल बस्तर संभाग की लोक-संस्कृति, परंपरा और विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में यह लगातार दूसरे वर्ष बस्तर पंडुम का गरिमामय आयोजन हो रहा है। बस्तर पंडुम-2026 का तीन चरणों में आयोजन जनपद, जिला एवं संभाग स्तर पर 12 विधाओं में प्रतियोगिता के तौर पर किया जा रहा है। इस आयोजन से बस्तर अंचल की लोककला, शिल्प, नृत्य, गीत-संगीत, पारंपरिक व्यंजन, बोली-भाषा, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, नाट्य एवं जनजातीय जीवन-पद्धति के संरक्षण और संवर्धन का एक भव्य मंच मिला है। बस्तर पंडुम-2026 में बस्तर संभाग के सभी सात जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, कांकेर, कोण्डागांव एवं नारायणपुर के कलाकार भाग ले रहे हैं। इसके प्रथम चरण का आयोजन जनपद स्तर 10 जनवरी से हो रहा है। जनपद स्तरीय स्पर्धाएं 20 जनवरी तक पूरी हो जाएंगी। इसके बाद 24-29 जनवरी तक जिला स्तरीय तथा संशोधित तिथि के अनुसार 6-8 फरवरी तक बस्तर पंडुम का संभाग स्तरीय आयोजन होगा।

### गोलबाजार थाना द्वारा आदतन बदमाश अयान खान पर बड़ी कार्यवाही

**रायपुर।** शहर के भयादोहन एवं मारपीट के मामले में गोलबाजार थाना पुलिस ने एक आरोपी की गिरफ्तारी कर हिस्ट्रीशीट खोली गई, गुंडा सूची में नाम दर्ज करने का प्रस्ताव किया गया है उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार आरोपी अयान खान एक आदतन एवं सक्रिय अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व से कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी के खिलाफ थाना गोलबाजार में कुल 05 प्रकरण पंजीबद्ध हैं, जिनमें चोरी का एक प्रकरण, देशी कट्टा लेकर आम लोगों में दहशत फैलाने का एक प्रकरण तथा मारपीट एवं अवैध वसूली के 03 प्रकरण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में मारपीट का 01 प्रकरण, थाना पुरानी बस्ती में आर्म्स एक्ट का 01 प्रकरण तथा थाना गंज में लूट का 01 गंभीर प्रकरण दर्ज है। लगातार अपराधों में संलिप्त रहने, सार्वजनिक स्थलों विशेषकर शराब भट्टी एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भय का वातावरण निर्मित करने तथा आम नागरिकों से जबरन वसूली एवं धमकी देने की प्रवृत्ति को दृष्टिगत रखते हुए आरोपी अयान खान के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। साथ ही उसका नाम थाना गोलबाजार की गुंडा बदमाश सूची में दर्ज करने एवं उसकी हिस्ट्रीशीट खोलने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय को विधिवत प्रस्ताव भेजा गया है। विगत वर्ष 3 दिसंबर को शास्त्री मार्केट स्थित शराब दुकान के सामने एक व्यक्ति से शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मना करने पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना गोलबाजार में धारा 296, 351(2), 115(2), 119(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान दिनांक 18.01.2026 को आरोपी अयान खान को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

### सेप्टिक टैंक में गिरने से मासूम की मौत, मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर।** बाथरूम में खोदे गए सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिरकर 5 साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। बच्ची को गड्ढे से बाहर निकाला। निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बच्ची की मौत हो चुकी थी। मामले में मोवा थाना पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मृत बच्ची का नाम रिया महिलांग है। महासमुंद जिले के पटेवा गांव की रहने वाली थी। अपनी मौसी की गोदभराई कार्यक्रम में अपने पिता एलन और मां धनेश्वरी महिलांग के साथ रायपुर आई थी। टॉयलेट गई थी, तभी हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक मकान मालिक जीवनलाल कुर्रे ने टॉयलेट का गंदा पानी निकलवाने के लिए बाथरूम में एक गड्ढा करवाया था। इसके बाद उन्होंने उस गड्ढे को एक बोरी से ढंककर छोड़ दिया था। दरअसल, शनिवार दोपहर 1 बजे बच्ची टॉयलेट गई थी। इस दौरान उसकी नानी भी वहां मौजूद थी, लेकिन नानी बाथरूम के बाहर पानी लाने गई। बच्ची टॉयलेट से उठकर बाथरूम में आ गई। यहां सेप्टिक टैंक में गड्ढा था। बच्ची का पैर बोरी में फंस गया। वह सीधे सेप्टिक टैंक के गड्ढे में गिर गई। इस दौरान बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सेप्टिक टैंक से बच्ची को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। बच्ची को फौरन नजदीकी निजी अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टर्स ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

## प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन

# समग्र विकास के साथ विद्यालयों की दशा में हो रहा ऐतिहासिक सुधार

■ कोरबा के रविशंकर नगर जोन अंतर्गत वार्डो को मिली 03 करोड़ 20 लाख रूपए के विकास कार्यो की सौगात

रायपुर/ संवाददाता

नगर पालिक निगम कोरबा के रविशंकर नगर जोन जोन के विभिन्न वार्डो को आज सोमवार को 03 करोड़ 20 लाख रूपये के नये विकास कार्यो की सौगात प्राप्त हुई। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में पृथक-पृथक स्थानों में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके करकमलों से किया गया। उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में इन कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 34 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक 01 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से कलवर्ट एवं नाला का निर्माण कराया जाना हैं। इसी प्रकार पं.रविशंकर शुक्ल जोनांतर्गत 06 शासकीय स्कूलों में 36 लाख रूपये की लागत से किचन शेड का निर्माण तथा 12 शासकीय स्कूलों में 60 लाख रूपये की लागत से बालक-बालिका शौचालय का निर्माण भी किया जाना हैं। इसी प्रकार निगम द्वारा वार्ड क्र. 33 मानिकपुर डिपरापारा में 25 लाख रूपये की लागत से सड़का निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 26 अंतर्गत विनय सिंह घर से जैतखाभ के सामने तक एवं दादर मेन रोड से कुम्हार घर के पास कलवर्ट तक कृष्णानगर की आंतरिक गलियों का 15 लाख रूपये की लागत से निर्माण कार्य किया जाना हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत ने आज पृथक-पृथक आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों में इन सभी



विकास कार्यो का भूमिपूजन करते हुए उक्त महत्वपूर्ण विकास कार्यो की सौगात आमजन को प्रदान की गई। इस मौके पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में हो रहे प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ शिक्षा के मंदिर विद्यालयों की दशा में ऐतिहासिक रूप से सुधार लाया जा रहा है, विद्यालयों में शौचालयों के अभाव या जीर्ण-शीर्ण शौचालय होने के कारण छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं को काफी असुविधा होती थी, किन्तु विगत 02 वर्षो के दौरान इस दिशा में व्यापक कार्य किए गए हैं, विद्यालयों में सर्वसुविधायुक्त व स्वच्छ साफ शौचालय की सुविधा, साइकिल स्टैण्ड, किचन शेड निर्माण, अतिरिक्त कमरों के निर्माण, जीर्ण-शीर्ण शालाओं का नवीनीकरण, नये भवनों का निर्माण, बाउण्ड्रीवाल निर्माण आदि के कार्य व्यापक स्तर पर किए जा रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि हम सौभाग्यशाली है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लगातार आशीर्वाद छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वांगीण विकास हेतु हमें प्राप्त हो रहा है, जहाँ तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के मार्गदर्शन व सहयोग से कोरबा में विकास हेतु राशि की कोई कमी नहीं हो रही है, इसी के परिणाम स्वरूप यहाँ की जनताजनार्दन की मांग व उनकी आवश्यकता के अनुरूप लगातार व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य जारी है, जो आगे भी जारी रहेंगे। कोरबा के विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का भरपूर सहयोग व आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है।

# युवक को कार से कुचलने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। संवाददाता

जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम केंद्री में 15 जनवरी 2026 को मामूली बात को लेकर दो पक्षो में हुई भिड़ंत के बाद एक युवक की ईनोवा कार से कुचल कर हत्या कर देने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। वहीं दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। मिली जानकारी के अनुसार थाना घटना 15 जनवरी 2026 की दोपहर लगभग × बजे की है, जब मोनफोर्ट स्कूल के पास एनएच-×0 के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना पर थाना अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई। मौके पर शव की पहचान ग्राम केंद्री निवासी कैलाश तिवारी के रूप में हुई। मृतक के भाई कौशल तिवारी की रिपोर्ट पर बिना नंबरी मर्ग कायम कर शव पंचनामा एवं मर्ग जांच की कार्रवाई की गई। जांच में सामने आया कि कैलाश तिवारी अपने दोस्तों के साथ एक्टिवा का पेट्रोल खत्म हो जाने के कारण वाहन को धक्का देकर पेट्रोल पंप की ओर ले जा रहा था। इसी दौरान अभनपुर की ओर एनएच-×0 पर रॉन्ग साइड से आ रही इनोवा कार ने एक्टिवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद जब कैलाश और उसके दोस्तों ने वाहन चालक को ठीक से गाड़ी चलाने की बात कही, तो कार सवार कुछ दूरी पर वाहन रोककर नीचे उतरे और गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्का व ठोस वस्तुओं से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान कैलाश के साथ मौजूद अजय नामक युवक ने अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया, जिससे कार सवार लोग वहां से भाग निकले। कुछ देर बाद दो-तीन अन्य लोग मौके पर पहुंचे और फिर से गाली-गलौच व मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान हेमंत साहू के सिर और हाथ में चोट आई। जान बचाने के प्रयास में कैलाश और उसके साथियों ने फिर चाकू से हमला किया, जिससे कुछ लोगों को चोटें आईं। इसके बाद सभी आरोपी अपनी कार में बैठकर भागने लगे।

### कई जिलों में शीतलहर और कोहरे का अलर्ट, राजधानी में कड़ाके की ठंड जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो गया है। राज्य में दो दिनों तक हल्की राहत मिलने के बाद एक बार फिर से ठंड ने अपने तेवर दिखाए हैं। राज्य के उत्तरी हिस्से में ठंड का असर सबसे ज्यादा है। अंबिकापुर जिले में रात तापमान 3.9 डिग्री पहुंच गया है। वहीं मैदानी इलाकों में राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा ठंडी है। रायपुर के माना इलाके में रात का तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। दुर्ग में 9.2 डिग्री, पेंड्रा में 9.4 डिग्री, बिलासपुर में 9.6 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। शीतलहर के असर के कारण राज्य में ठंड का असर और बढ़ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण छत्तीसगढ़ में ठंड बढ़ी है।

## कांकेर को 284 करोड़ के विकास कार्यों की दी सौगात

# बस्तर अंचल का होगा चहुंमुखी विकास:मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर। संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि बस्तर अंचल का चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और इसके बाद बस्तर अंचल में तेजी से विकास दृष्टिगोचर होगा। मुख्यमंत्री श्री साय आज कांकेर जिले पखांजूर में आयोजित कार्यक्रम में 284 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने नेताजी सुभाष स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में परलकोट क्षेत्रवासियों के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं भी की गई, जिनमें नए शिक्षा सत्र से बंग समाज के 135 ग्रामों की प्राथमिक शालाओं में नये शिक्षा सत्र से बांग्ला भाषा में शिक्षा प्रारंभ करने की घोषणा की। उन्होंने संबलपुर से दुर्गूकोंदल होते हुए पखांजूर तक सड़क निर्माण, पखांजूर के मंडी गेट से अंजाड़ी नाला तक गौरवपथ, मछली मार्केट पखांजूर से नर-नारायण सेवा आश्रम तक सीसी सड़क, शासकीय कन्या शाला मैदान में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण, पखांजूर में फायर ब्रिगेड वाहन सेवा शुरू करने तथा सिविल अस्पताल पखांजूर में धनवंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जनसमुदाय को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रशासनिक कार्यों में स्वच्छता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने की इच्छा शक्ति के साथ लगातार विकास की ओर आगे बढ़ रही है। श्री साय ने बताया कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों का अनुसरण करते हुए प्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है।

# साहित्य प्रेमियों के लिए विशेष सुविधा साहित्य उत्सव में नि:शुल्क चलेंगी बसें

रायपुर/ संवाददाता

रायपुर साहित्य उत्सव के दौरान आम नागरिकों, साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और युवाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर में नि:शुल्क बस सेवा संचालित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिवहन की असुविधा के कारण कोई भी व्यक्ति इस महत्वपूर्ण साहित्यिक आयोजन में भाग लेने से वंचित न रह जाए। नि:शुल्क बस सेवा से शहरवासियों को उत्सव स्थल तक सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। यह नि:शुल्क बस सेवा 2×, 24 और 25 जनवरी 2026—तीन दिनों तक लगातार संचालित की जाएगी। इन तीनों दिनों में बसों का संचालन पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा, जिससे आमजन बिना किसी अतिरिक्त खर्च के रायपुर साहित्य उत्सव में शामिल हो सकेंगे। यह व्यवस्था विशेष रूप से विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों और साहित्य प्रेमियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगभग 15 बसें इस नि:शुल्क सेवा के अंतर्गत चलाई जाएंगी। ये बसें उत्सव स्थल तक आने और लौटने—दोनों दिशाओं में संचालित होंगी, ताकि दर्शकों को कार्यक्रम समाप्ति के बाद भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। बसों की संख्या इस प्रकार निर्धारित की गई है कि भीड़ के समय भी सुचारु आवागमन सुनिश्चित किया जा सके। शहर के अधिकतम क्षेत्रों को इस सुविधा से जोड़ने के लिए बस संचालन हेतु कुल 6 प्रमुख रूट तय किए गए हैं। इन रूट्स के माध्यम से रायपुर के विभिन्न हिस्सों से लोगों को उत्सव स्थल तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। सभी बसें पुराने रायपुर क्षेत्र से पुरखौती मुक्तांगन नवा रायपुर स्थित रायपुर साहित्य उत्सव स्थल तक संचालित की जाएंगी।नि:शुल्क बस सेवा के अंतर्गत संचालित होने वाली सभी बसों पर रायपुर साहित्य उत्सव की विशेष ब्रांडिंग की जाएगी। इससे न केवल शहर में साहित्य उत्सव का माहौल बनेगा, बल्कि नागरिकों में आयोजन को लेकर जागरूकता भी बढ़ेगी और पूरे रायपुर में उत्सव की पहचान और प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। बसों की विस्तृत समय-सारणी शीघ्र जारी की जाएगी, ताकि नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार यात्रा की योजना बना सकें। समय-सारणी जारी होते ही इसे विभिन्न माध्यमों से सार्वजनिक किया जाएगा।

### विश्व संवाद केंद्र छत्तीसगढ़ के विशेषांक समरस छत्तीसगढ़ का विमोचन किया गया

**रायपुर।** विश्व संवाद केंद्र छत्तीसगढ़ द्वारा समरस छत्तीसगढ़ विशेषांक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त कार्यालय जागृति मंडल में शनिवार को सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त संघचालक माननीय डॉ टोपलाल वर्मा जी ने की. इस अवसर पर रामदत्त चक्रधर जी ने कहा, भारत वर्ष का इतिहास एवं समाज जीवन की रचना अत्यंत प्राचीन है, जो समाज जितना प्राचीन होता है उतना ही उतार-चढ़ाव देखता है. समाज जब एक रस होता है तो उत्थान की ओर अग्रसर होता है. शरीर के अंगों के काम अलग-अलग हैं, लेकिन सबके अंदर एक रस है. किसी अंग को चोट लगती है तो हर अंग अपनी प्रतिक्रिया देता है. हमारे किसी भी ग्रन्थ में विषमता का कोई उल्लेख नहीं है. आदरणीय डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भी यह बात कहते हैं. भारतीय साहित्य में कहीं विषमता और शोषण का उल्लेख नहीं है लेकिन फिर भी समाज में विकृति आई, उसके पीछे सबसे बड़ी वजह हम अपना स्वत्व और मूल राष्ट्रीय चरित्र को भूलना था. इस्लामिक एवं अंग्रेजों के शासन के समय समाज को तोड़ने का कार्य हुआ इसके बाद भी समाज में लोगों ने कठिन से कठिन कार्य स्वीकार्य कर लिया।

# गाँव-गाँव जाकर अधिकारियों ने सुनी समस्याएँ,मौके पर समाधान किया गया



■ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जन-हितैषी पहल : 'मिशन कनेक्ट' से चौपाल तक पहुँचा प्रशासन

रायपुर/ संवाददाता

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अंत्योदय और सुशासन की सोच को साकार करने के लिए सुकमा जिले में 'मिशन कनेक्ट' की शुरुआत की गई है। संभागायुक्त बस्तर श्री डोमन सिंह के निर्देशन और कलेक्टर के मार्गदर्शन में शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को खत्म कर सरकारी सेवाओं को लोगों के घर-घर तक पहुँचाना है। विगत दिनों मिशन कनेक्ट के तहत छिंदगढ़ विकासखंड की लगभग 60 पंचायतों में जिला स्तरीय अधिकारी पहुँचे। यह केवल निरीक्षण नहीं था, बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं को समझकर मौके पर उनका समाधान करने की एक नई पहल थी। सुबह 10 बजे से ही अधिकारी स्कूलों, आंगनबाड़ियों, आश्रम-छात्रावासों, ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य केंद्रों में सक्रिय दिखाई दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मध्यान्ह भोजन और पूरक पोषण आहार की गुणवत्ता की स्वयं जांच की। स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं की गंभीरता से जाँच की गई। ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई, ताकि सरकारी राशि का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याएँ और सुझाव सुने, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास और मजबूत हुआ। निरीक्षण के बाद जनपद पंचायत छिंदगढ़ में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ ने सभी पंचायतों की रिपोर्ट का गहन विश्लेषण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला स्तर की समस्याओं का समाधान तुरंत किया जाए, जबकि राज्य स्तर के विषयों को संबंधित विभागों को तत्काल भेजा जाए। कलेक्टर श्री अमित कुमार ने बताया कि मिशन कनेक्ट का उद्देश्य केवल निरीक्षण करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। प्रशासन को अधिक पारदर्शी और जिम्मेदार बनाना हमारी प्राथमिकता है। सुशासन की ओर मजबूत कदम 'मिशन कनेक्ट' ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि अब योजनाएँ सिर्फ कागजों पर नहीं रहेंगी, बल्कि वास्तव में ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाएँगी। अधिकारियों की सक्रियता से क्षेत्र में लोगों में उत्साह और भरोसा बढ़ा है।

## तकनीक ने बदली धान खरीदी व्यवस्था-छत्तीसगढ़ में किसान अब घर बैठे काट रहे टोकन

# करजी के किसान उमाशंकर कुशवाहा बोले,नई व्यवस्था से सम्मान,भरोसा और सुविधा बढ़ी.....

रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन प्रक्रिया में अपनाए गए तकनीकी नवाचार किसानों के लिए गेम-चेंजर साबित हो रहे हैं। पारदर्शी और डिजिटल धान खरीदी व्यवस्था ने किसानों के अनुभव को पूरी तरह सकारात्मक बना दिया है। राज्य भर में कृषक अब स्मार्टफोन से घर बैठे धान विक्रय के लिए टोकन काट रहे हैं और उपार्जन केन्द्रों पर भीड़ और परेशानी से बच रहे हैं। सरगुजा जिले के अंबिकापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करजी के किसान श्री उमाशंकर कुशवाहा ने बताया कि नई व्यवस्था ने धान विक्रय को सरल, तेज और सम्मानजनक बना दिया है। आठ एकड़ धान की खेती करने वाले श्री कुशवाहा इस वर्ष 150 क्विंटल धान



बेच रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले टोकन कटवाने के लिए समिति केन्द्र जाना पड़ता था, जहां घंटों कतार और प्रतीक्षा से किसान परेशान होते थे। लेकिन अब किसान तुहंर टोकन ऐप के माध्यम से 24म7 घर बैठे टोकन कटने लगे हैं, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था किसानों को निर्णय लेने में स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता देती है। अपनी सुविधा के अनुसार टोकन काटकर वे सीधे उपार्जन केन्द्र पहुंचते हैं, जिससे अव्यवस्था कम हुई है और खरीदी व्यवस्था सुगम हुई है। करजी उपार्जन केन्द्र की प्रशंसा करते हुए श्री कुशवाहा ने बताया कि केंद्र पहुंचते ही गेट पास, नमी परीक्षण और बारदाना समय पर उपलब्ध कराया गया। पूरी प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूरी होने से किसी भी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने समिति कर्मचारियों को सहयोगी और किसान-सेवा के प्रति तत्पर बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में किसानों को 3,100 रुपये प्रति क्विंटल का सर्वोच्च समर्थन मूल्य और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का लाभ मिल रहा है। यह किसानों की आर्थिक समृद्धि का मजबूत आधार बना है। श्री कुशवाहा ने यह भी कहा कि बेहतर आय मिलने से किसान फसल विविधीकरण की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे खेती में स्थिर आय के साथ नए अवसर बन रहे हैं।

## संपादकीय

# क्या भारतीय रेल में सचमुच बेहतर हो रहा है सफर?

भारत में रेल सेवा आर्थिक विकास के साथ-साथ आम लोगों के सफर को आसान और सुगम बनाने की जीवन रेखा मानी जाती है। लंबी यात्रा के लिए रेलगाड़ियां ही एकमात्र किफायती साधन हैं। देश में रेल नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण को लेकर एक तरफ सरकार की ओर से नई-नई घोषणाएं और दावे किए जाते हैं, तो दूसरी ओर रेलगाड़ियों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव जस का तस बना हुआ है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की माकूल व्यवस्था न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं।रेल मदद पोर्टल पर दर्ज इस तरह की शिकायतों में सितंबर 2025 की तुलना में अक्तूबर और नवंबर में लगभग पचास फीसद की वृद्धि देखी गई है। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्थागत खामियों और सरकारी अमले में विभिन्न स्तर पर लापरवाही की वजह से यात्रियों को सफर के दौरान कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि रेल किराए में सरकार जब चाहे बढ़ोतरी कर देती है। सवाल है कि किराए में वृद्धि के साथ क्या सुविधाओं में भी सुधार नहीं होना चाहिए? जब मौजूदा सुविधाएं ही बेहाल हों, तो ऐसे में आधुनिकीकरण के दावों का क्या औचित्य रह जाता है।गौरतलब है कि कैग की वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-2× की एक रपट में भी लंबी दूरी की रेलगाड़ियों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठाए गए थे। इसमें कहा गया था कि इस व्यवस्थागत खामी के लिए संबंधित अधिकारियों की लापरवाही भी जिम्मेदार है। इसके अलावा साफ-सफाई से जुड़े रेल कर्मियों का अभाव और इस कार्य के लिए साजो-सामन की कमी की ओर भी इशारा किया गया था। हालांकि रेलवे ने कुछ खास स्टेशनों पर रेलगाड़ियों के शौचालय, दरवाजे और कुछ अन्य हिस्सों की सफाई मशीनों से करने की योजना लागू की है, इसके बावजूद व्यवस्था में अपेक्षाजनक सुधार नजर नहीं आता है। रेलवे मंत्रालय की ओर से साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, रेल मदद पोर्टल पर सितंबर 2025 में चादर और कंबल से संबंधित 8,758 शिकायतें मिली थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर 1×,406 और नवंबर में 1×,196 हो गईं। इसी तरह डिब्बों की स्व'छता से जुड़ी शिकायतें सितंबर 2025 में 24,758 थीं, जो अक्तूबर में बढ़ कर ××,804 और नवंबर में ×6,67× हो गईं।

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व को एक होना पड़ेगा

**उमेश चतुर्वेदी**

**1995 में एक फिल्म आई थी, गैंबलर। गोविंदा-शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म का एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, 'मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी' निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, 'सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीं वे चीज़ें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी ज़रूरत।'**



तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। लेकिन सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। हां, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई।

कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया।

भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया।

कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागिरी दिखाई है। कभी यह दादागिरी अमेरिकी हितों के नाम पर हुई तो कभी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना के नाम पर। कहने के लिए अमेरिका लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ बनता है, लेकिन अमेरिकी हितों, कारोबारियों और हथियार लॉबी के हित में अक्सर वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई करता है। दुनिया का आधुनिक इतिहास इससे भरा पड़ा है। वेनेजुएला इसका ताजा उदाहरण है। ट्रंप जिन अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपने हिसाब से मानने या न मानने की बात कर रहे हैं, दरअसल उन्हें बनाने और संशोधित करने में सबसे ज्यादा योगदान अमेरिका का ही रहा है। विश्व में जब भी कहीं वेनेजुएला जैसी घटना होती है, तब जिनेवा समझौते और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का बहुत जिक्र होता है। दरअसल उन्नीसवीं सदी के मध्य तक दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए युद्धबंदियों और सैनिकों और युद्धग्रस्त देशों के लोगों को लेकर शत्रु देशों की ओर से की जाने वाली अमानवीय कार्रवाई को रोकने के लिए ना तो कोई कानून था और इसे लेकर कोई प्रयास हुआ था। साल 1864 में पहली बार युद्ध के वक्त घायलों की मदद युद्धरत देशों के बीच बातचीत के लिए रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट ने कोशिश की। यही कोशिश पहले जेनेवा समझौते के रूप में सामने आई। इस दौरान युद्धरत देशों, उनके नागरिकों, सैनिकों आदि के मानवीय अधिकारों की रक्षा करने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। इसके तहत कुछ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की परिकल्पना की गई और युद्ध के प्रभाव को सीमित करने और युद्धबंदियों के अधिकारों के संरक्षण की कोशिश शुरू हुई। जेनेवा में आखिरी समझौता 1949 में हुआ। जिनेवा कन्वेंशन का मकसद युद्ध के वक्त मानवीय मूल्यों को बनाए रखने के लिये कानून तैयार करना है। 1949 के समझौते में शामिल दो प्रोटोकॉल 1977 में जोड़े गए। आज तकरीबन पूरी दुनिया ने इस पर हस्ताक्षर किया है। इस लिहाज से जेनेवा समझौते को सभी देश मानते हैं। जेनेवा समझौते के अनुसार हर देश की अपनी संप्रभुता है और उसकी रक्षा ना सिर्फ युद्ध बल्कि शांति काल में भी होती है। यानी उसके नियम और कानून युद्ध, शांति और संकट काल, हर वक्त लागू होते हैं। इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।

अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की जैसी फितरत है, उसकी वजह से उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। माना जा रहा है कि वे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं।

अमेरिकी दादागिरी पूरी दुनिया देखती और समझती रही है। लेकिन एक साथ इतने मोर्चे खोल देने की ट्रंप की नीति के खिलाफ अमेरिका में ही आवाजें उठने लगी हैं। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का कहना कि वेनेजुएला में की गई कार्रवाई की जरूरत नहीं थी और इससे अमेरिका को लेकर संघर्ष बढ़ेगा, एक तरह से अमेरिका की बढ़ती चुनौतियों का ही संकेत देता है। ट्रंप की मनमानी नहीं रूकी, अमेरिकी दादागिरी का ऐसा ही दौर उन्होंने जारी रखा तो आने वाले दिन दुनिया के लिए भले ही चुनौतीपूर्ण होंगे,अमेरिका भी कई तरह की चुनौतियों और वैश्विक प्रतिरोध को झेलने के लिए अभिशप्त हो जाएगा। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी।

## घोषणा-पत्र: लोकतंत्र का सशक्त हथियार या चुनावी छलावा?

**(ललित गर्ग)**

लोकतंत्र में घोषणा पत्र की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह मतदाताओं के लिए जानकारी और निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है।

बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों ही गठबंधनों ने बढ़-चढ़कर लोकलुभावनी और जनता को आकर्षित या गुमराह करने वाली घोषणाओं से जुड़े चुनावी घोषणा पत्र जारी किए हैं। इन घोषणा पत्रों में जिस तरह की घोषणाएं की गई हैं, वे निश्चित रूप से अतिशयोक्तिपूर्ण हैं। यह प्रश्न अब गंभीर हो गया है कि क्या घोषणा पत्र लोकतंत्र के महाकुंभ यानी चुनाव का सबसे सशक्त हथियार बन चुके हैं या चुनावी छलावा? निश्चित ही यह जनता को रिझाने और प्रभावित करने का प्रमुख माध्यम बन गया है, परंतु सत्ता में आने के बाद कितने राजनीतिक दलों ने अपने घोषणा पत्रों का अक्षरशः पालन किया है, यह बड़ा सवाल है। वास्तव में घोषणा पत्र किसी दल का दृष्टिपत्र होता है, जो उसके विचारों, उद्देश्यों और संकल्पों का सार्वजनिक दस्तावेज है। यह बताता है कि दल सत्ता में आने के बाद रा'य या देश की दिशा कैसी तय करना चाहता है, किन मूलभूत समस्याओं का समाधान करना चाहता है और विकास की कौन सी राह पर चलना चाहता है। घोषणा पत्रों में किए गए वादों को लेकर परस्पर विरोधी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तो छिड़ता है, लेकिन उन्हें लेकर वैसी सार्थक बहस नहीं हो पाती, जैसी विकसित देशों में होती है और जिसके आधार पर वहां स्वस्थ जनमत तैयार करने में मदद मिलती है। हैरानी नहीं कि अपने यहां चुनावी घोषणा पत्र अपनी महत्ता खोते जा रहे हैं।

निर्णय का आधार बनता है। मतदाता यह जान सकते हैं कि कौन-सा दल किस विषय पर क्या सोचता है, उसकी प्राथमिकताएं क्या हैं और वह किन वर्गों के कल्याण के लिए क्या योजनाएं रखता है। यह राजनीतिक दलों की जनता के प्रति सार्वजनिक प्रतिज्ञा होती है, एक तरह की जवाबदेही का प्रतीक। लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय लोकतंत्र में यह जवाबदेही सिर्फ कागजों पर ही रह गई है। अधिकांश दल चुनाव जीतने के बाद घोषणा पत्रों को भूल जाते हैं। मतदाता भी अपने वोट के बदले वादों की पूर्ति का हिसाब नहीं मांगते। परिणामस्वरूप घोषणा पत्र एक औपचारिकता और दिखावे का माध्यम बनकर रह गए हैं। इतिहास पर नजर डालें तो अधिकांश घोषणाओं का पालन आधा-अधूरा ही हुआ है। राजस्थान में पिछली सरकार ने अपने घोषणा पत्र के लगभग 64 प्रतिशत वादे पूरे किए, जबकि कर्नाटक में सिर्फ तीन प्रतिशत वादे ही पूरे हुए। यह आंकड़े बताते हैं कि घोषणा पत्र को गंभीरता से न तो दल लेते हैं, न जनता। यह स्थिति लोकतंत्र की आत्मा के विपरीत है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती इसी में है कि जनता अपने प्रतिनिधियों से सवाल करे और जवाब मांगे।

घोषणा पत्रों की एक बड़ी समस्या यह है कि उनमें की गई घोषणाएं वित्तीय दृष्टि से असंभव होती हैं। जनता को खुश करने के लिए ऐसे वादे किए जाते हैं जिनके लिए न तो संसाधन हैं, न कोई ठोस योजना। कोई कानूनी प्रावधान भी नहीं है कि दल अपने वादे पूरे न करने पर जवाबदेह बने। यही कारण है कि चुनाव के बाद घोषणाएं भुला दी जाती हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में देखें तो एनडीए और महागठबंधन दोनों ने अत्यधिक आकर्षक और लोकलुभावन वादों से भरे घोषणा पत्र जारी किए हैं। एनडीए ने अपने 'संकल्प पत्र' में एक करोड़ नौकरियों का वादा किया है, महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता, हर जिले में कौशल केंद्र, किसानों के लिए नौ हजार रुपये वार्षिक सम्मान निधि और सात नए एक्सप्रेस-मार्गों के निर्माण की बात कही है। वहीं महागठबंधन ने अपने 'तेजस्वी प्रण' में प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं को ढाई हजार रुपये मासिक सहायता, प'चीस लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा, दो सौ यूनिट मुफ्त बिजली, किसानों को समर्थन मूल्य की गारंटी और मंडियों की बहाली जैसे बड़े वादे किए हैं। दोनों घोषणाओं में एक बात समान है।

# हर रिश्ता निभाते-निभाते क्या हम खुद को ही खो रहे हैं? परफेक्ट दिखने की होड़ में अधूरी रह जाती भावनाएं

**संध्या अग्रवाल**

हम जब किसी रिश्ते में प्रवेश करते हैं, तो अक्सर यह सोचकर नहीं आते कि हम क्या महसूस करते हैं, बल्कि यह सोचकर आते हैं कि हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए। धीरे-धीरे रिश्ते भावनाओं का नहीं, अपेक्षाओं का मंच बन जाते हैं। हम यह मान लेते हैं कि अच्छे रिश्ते वही हैं, जहां कोई शिकायत न हो, कोई असहमति न हो और कोई थकान दिखाई न दे। यहीं से शुरू होती है 'परिपूर्ण बनने' या संपूर्णता की मांग की अदृश्य दौड़। हम हर भूमिका में खुद को ढालने लगते है- बेटी, पत्नी, मां, मित्र, सहकर्मी। और इस ढलने की प्रक्रिया में हम यह भूल जाते हैं कि हम भी एक इंसान हैं, जिसकी अपनी सीमाएं, अपनी जरूरतें और अपनी भावनाएं हैं।

संपूर्ण बनने की यह मानसिकता अचानक विकसित नहीं होती। इसका बीज बचपन में ही बो दिया जाता है, जब हमें सिखाया जाता है कि अच्छे बच्चे कैसे होते हैं। जो बच्चे ज्यादा सवाल न करें, जो बड़ों की हर बात मान लें और जो अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखना सीख लें।


लड़कियों के लिए यह सीख और भी सख्त होती है। उन्हें बताया जाता है कि ज्यादा बोलना अच्छा नहीं, अपनी बात मन में रखना ही समझदारी है और रिश्ते निभाने के लिए खुद को पीछे रखना पड़ता है। यही बातें आगे चलकर उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन जाती हैं।

हर रिश्ता थोड़ा-बहुत समझौता मांगता है, इसमें कोई संदेह नहीं, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब समझौता आदत बन जाए और अपनी बात रखना स्वार्थ समझा जाने लगे। कई लोग अपनी नाराजगी, थकान और असंतोष को भीतर ही दबाए रखते हैं, ताकि सामने वाला असहज न हो। धीरे-धीरे यह चुप्पी रिश्ते की भाषा बन जाती है। बाहर से सब ठीक दिखता है, लेकिन भीतर एक खालीपन जन्म लेने लगता है। व्यक्ति महसूस करता है कि वह हर रिश्ते में मौजूद है, लेकिन अपनी ही जिंदगी में अनुपस्थित है।

आज के समय में सोशल मीडिया ने परिपूर्णता या संपूर्णता की कसौटी वाले रिश्तों की एक झूठी तस्वीर हमारे सामने रख दी है। हर तरफ मुस्कुराते चेहरे, आदर्श जोड़े और खुशहाल परिवार दिखाई देते हैं। इन तस्वीरों के पीछे की थकान, मतभेद और चुप्पी कभी दिखाई नहीं देतीं। इन सबको देखकर हम अपने वास्तविक रिश्तों से असंतुष्ट होने लगते हैं। हमें लगता है कि कहीं हम ही कम पड़ रहे हैं, हमारा रिश्ता ही अधूरा है। इसी भावना के कारण हम खुद को और ज्यादा बदलने की कोशिश करने लगते हैं।

महिलाओं के जीवन में संपूर्णता की यह अपेक्षा कई गुना अधिक होती है। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखें, सबकी भावनाओं का खयाल रखें और अपनी तकलीफ को कभी प्राथमिकता न दें। जब वे थकती हैं, तो कहा जाता है कि यही उनकी शक्ति है। जब वे चुप रहती हैं, तो उसे सहनशीलता कहा जाता है, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इस चुप्पी की कीमत क्या है।





कई महिलाएं भीतर ही भीतर टूटती रहती हैं, पर बाहर से मजबूत दिखाई देती हैं। संपूर्ण बनने की यह कोशिश शुरुआत में रिश्तों को सहज बनाए रखती है, लेकिन समय के साथ यह उन्हें खोखला कर देती है। जब भावनाएं व्यक्त नहीं होतीं, तो वे दबकर गुस्से और निराशा का रूप ले लेती हैं। जब संवाद नहीं होता, तो दूरी अपने-आप पैदा हो जाती है।

एक समय ऐसा आता है जब व्यक्ति महसूस करता है कि उसने रिश्तों को बचाने के लिए खुद को खो दिया है। तब यह प्रश्न उठता है कि क्या कोई रिश्ता इतना मूल्यवान हो सकता है कि उसके लिए खुद को मिटा दिया जाए? सच यह है कि रिश्तों को परिपूर्ण या संपूर्ण इंसानों की नहीं, बल्कि सच्चे और ईमानदार इंसानों की जरूरत होती है।

रिश्ते तब गहरे होते हैं, जब उनमें असहमति की जगह होती है, सवाल पूछने की आजादी होती है और भावनाओं को साझा करने का साहस होता है। वहां सब कुछ ठीक-ठाक दिखाने की मजबूरी न हो। सबसे पहला और सबसे महत्त्वपूर्ण रिश्ता खुद के साथ होता है। अगर उसी रिश्ते में हम झूठे हो जाएं, तो बाकी रिश्तों में सच्चाई निभाना कठिन हो जाता है। अपनी सीमाओं को पहचानना, अपनी जरूरतों को महत्त्व देना और अपनी भावनाओं को सुनना रिश्तों को स्वस्थ बनाता है। जब हम खुद से ईमानदार होते हैं, तभी हम दूसरों के साथ भी ईमानदारी निभा पाते हैं। वरना रिश्ते केवल निभाने की जिम्मेदारी बनकर रह जाते हैं। हर दिन अच्छा होना जरूरी नहीं। हर बार समझदार बनना भी जरूरी नहीं। रिश्तों में कभी-कभी अपनी बात रखना, असहमत होना और खुद के लिए खड़ा होना भी उतना ही आवश्यक है। हर कसौटी पर संपूर्ण होने की कोशिश में अगर हम अपनी सच्ची भावनाओं को दबा दें, तो रिश्ते केवल दिखावे का ढांचा बनकर रह जाते हैं। जबकि रिश्तों की खूबसूरती उनकी अपूर्णता में ही छिपी होती है। शायद अब यह समझने का समय आ गया है कि रिश्ते निभाने के लिए खुद को तोड़ना नहीं पड़ता। उन्हें बचाने के लिए खुद को खोना नहीं होता। रिश्ते तभी टिकते हैं, जब उनमें इंसान होने की पूरी गुंजाइश बची रहे। 'परिपूर्ण' या संपूर्णता नहीं, बस सच्चा रहा जाए–यही रिश्तों की सबसे मजबूत नींव है।

### दीपोत्सव के माध्यम से आमजन को स्वच्छता से जोड़ने की पहल

# शहर की सफाई में सहयोग प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : महापौर संजय पांडेय



**जगदलपुर।** दलपत सागर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उददेश्य से आयोजित होने वाले प्रति वर्ष की भांति दीपोत्सव कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर हरिस एस, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग सहित विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, परिवहन संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में महापौर संजय पांडेय ने कहा कि दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता से जोड़ना एक प्रभावी पहल है। महापौर पांडेय ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर की साफ-सफाई केवल नगर निगम की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। दलपत सागर की स्वच्छता एवं गरिमा बनाए रखने में सभी समाजजन सक्रिय सहयोग करें, ताकि यह स्थल सांस्कृतिक आस्था के साथ-साथ स्वच्छता का भी प्रतीक बन सके। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति भी इस वर्ष के दीपोत्सव में सभी समाज और व्यापारिक संगठनों का सहयोग मिल रहा है, यह ऐतिहासिक सरोवर को सहेजने के साथ ही स्वच्छता के प्रति सभी की सजग सहभागिता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि दीपोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुँचे और इसे भव्य उत्सव के रूप में मनाएं। बैठक में उपस्थित विभिन्न समाज प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वेच्छा से आर्थिक, मानव संसाधन एवं अन्य आवश्यकताओं की सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में दीपोत्सव के आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्था, सहभागिता तथा स्वच्छता संबंधी दिशा-निर्देशों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सभी ने एकजुट होकर दलपत सागर को स्वच्छ, सुंदर और प्रेरणादायक बनाए रखने का संकल्प लिया। ज्ञात हो कि जगदलपुर की ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर एक बार फिर भव्य दीपोत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम जगदलपुर द्वारा इस भव्य आयोजन की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। पिछले चार वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस दीपोत्सव में हर साल नागरिकों की बढ़ती सहभागिता ने इसे अब एक महापर्व का रूप दे दिया है। इस वर्ष के आयोजन को ऐतिहासिक और प्रेरणादायक बनाने के लिए एक विशेष थीम निर्धारित की गई है, जो एक दीया स्वच्छता के नाम और एक दीया वंदे मातरम की 150 वीं जयंती के नाम पर होगी। इसके साथ ही रंगोली-चित्रकला प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा।

**जन भागीदारी हेतु किया जा रहा वातावरण निर्माण** - दलपत सागर दीपोत्सव आयोजन की भव्यता और जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अभी से ही वातावरण निर्मित किया जा रहा है। प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से दलपत सागर के तट पर प्रतिदिन 101 दीपक प्रज्वलित किए जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न समाज प्रमुख, सामाजिक संगठन, संस्थाएं और शहरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हो रहे हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि 23 जनवरी को हजारों की संख्या में नागरिक उपस्थित हों और दो लाख से अधिक दीपों की रोशनी से दलपत सागर जगमगा उठे। दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को वास्तविक मजबूती मिलती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, दिसंबर माह से ही दलपत सागर के परिवेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है ताकि आगामी आयोजन के लिए एक बेहतर और सुव्यवस्थित वातावरण तैयार किया जा सके।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा केंद्रीय जेल जगदलपुर का विस्तृत निरीक्षण, बंदियों से की गई मुलाकात




**कोण्डागांव।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव किरण चतुर्वेदी द्वारा केंद्रीय जेल जगदलपुर का व्यापक परीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, उनके मानवाधिकारों की स्थिति तथा जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन करना रहा। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने जेल परिसर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। उन्होंने बंदी बैरकों, भोजनालय, रसोईघर, चिकित्सालय, महिला एवं पुरुष वार्ड, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने जेल अभिलेखों एवं बंदियों के पंजी का भी अवलोकन किया। साथ ही न्यायाधीश ने निरीक्षण के दौरान बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनसे संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने बंदियों की समयाओं, स्वास्थ्य संबंधी स्थिति, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधा, विधिक सहायता, पारिवारिक मुलाकात तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। न्यायाधीश ने निर्देश दिये कि किसी भी बंदी को विधिक सहायता, चिकित्सा उपचार, अथवा अन्य मूलभूत अधिकारों से वंचित न रखा जाए, उन्होंने यह भी कहा कि विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने हेतु विधिक सहायता योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही करने तथा बीमार बंदियों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने तथा स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गायत्री साय एवं जेल अधीक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना के क्रियान्वयन में कोंडागांव जिले की उल्लेखनीय उपलब्धि



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिला नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया मिसाल कायम कर रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घरेलू मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन से जिले में 500 घरों में रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। इस योजना के तहत लक्ष्य प्राप्ति में कोंडागांव जिला पूरे राज्य में अग्रणी है।

यह भी उल्लेखनीय है कि अब तक 426 सौर संयंत्रों का विद्युत ग्रिड से सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइजेशन किया जा चुका है, जबकि शेष संयंत्रों को ग्रिड से जोड़ने का कार्य निरंतर प्रगति पर है। इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रत्यक्ष रूप से सौर ऊर्जा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धि कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के सशक्त मार्गदर्शन, सतत निगरानी एवं प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है। उनके निर्देशानुसार नियमित समीक्षा और विभागीय समन्वय को सुदृढ़ किया गया तथा जनजागरूकता शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को योजना से जोड़ने के विशेष प्रयास किए गए, जिससे योजना से अधिक से अधिक हितगाही जुड़े। जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि अधिक से अधिक पात्र नागरिकों तक योजना का लाभ पहुँचे तथा सब्सिडी, तकनीकी सहायता एवं प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाया जाए। इस अभियान में विद्युत विभाग की तकनीकी दक्षता एवं नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से कोंडागांव हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर एक आदर्श जिला के रूप में स्थापित हुआ है। सौर ऊर्जा के उपयोग से जहाँ उपभोक्ताओं के विद्युत व्यय में उल्लेखनीय कमी आई है, वहीं पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी जैसे सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं।

# एसडीओ पर कार्यवाही से बचाने जुटा जल संसाधन विभाग

## मनरेगा के तहत हुए कार्यों में मजदूरों को कर रहे नगद भुगतान



**भानुप्रतापपुर।** जल संसाधन विभाग द्वारा मनरेगा के तहत ग्राम जनकपुर में नहर लाइनिंग कार्य, वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य व पुलिया निर्माण कार्य के लिए जेसीबी और डोजर का प्रयोग किया गया है। यह एक गंभीर अनियमितता है जिसके लिए विभाग के एसडीओ व इंजीनियर पर निलंबन की कार्यवाही की जानी चाहिए। पर विभाग द्वारा अब तक संबंधितों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उल्टे उन्हें बचाने के लिए मजदूर और ग्रामीणों के साथ-साथ वाहन मालिको को भी नगद भुगतान कर सेट किया जा रहा है। सूत्रों से यह भी पता चला है उक्त कार्यों को जिला पंचायत द्वारा निरस्त कर दिया गया था उसके बावजूद विभाग द्वारा यह कार्य अपनी जेबे गर्म करने के लिए कराया जा रहा था।

**ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय और विभाग के एसडीओ के नाम सौपा ज्ञापन** - जल संसाधन विभाग भानुप्रतापपुर के एसडीओ द्वारा ग्राम पंचायत परवी के आश्रित ग्राम जनकपुर में मनरेगा के तहत तालाब के माइनर में नहर लाइनिंग कार्य एवं वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य 6 महीने पूर्व मशीनों से कराया गया था। कुछ राशि का भुगतान मजदूरों के खाते में ऑनलाइन कर दिया गया तथा शेष राशि भुगतान विभाग के अधिकारी द्वारा नगद कराया गया है। सौपे गए आवेदन में ग्रामीणों ने स्पष्ट लिखा है कि 34 हज़ार 452 रुपये मजदूरी भुगतान शेष है, 12000 रुपये ट्रेक्टर मुरुम का शेष है, डोजर से काड़ा नाली मेड़ हटाया एवं मिट्टी डाला गया कुल 15.45 घंटा काम हुआ, जेसीबी से पुलिया खुदाई एवं कैनाल में मुरूम डाला गया जिसमे कुल 18.27 घंटा काम हुआ है। इसके अलावा रेत डालने वालों का 45000, पानी ढुलाने के काम में लगा ट्रैक्टर जिसका 18000 बकाया है, इसके अलावा कई व्यापारियों से सामग्री का भी लाखों रुपये भुगतान लंबित है जिसे साहब द्वारा नगद करने की बात सामने आ रही है। पूर्व सरपंच ने विभाग के एसडीओ पर लगाए गंभीर आरोप ग्राम पंचायत घोठा के पूर्व सरपंच राम प्रसाद कावड़े ने बताया कि जल संसाधन विभाग के एसडीओ के कहने पर मैंने और गांव के अन्य 4 व्यक्तियों द्वारा 70 ट्रिप रेत निर्माण स्थल पर डाला गया जिसमे 25 हज़ार नगद दिया गया व शेष राशि 45000 रुपये बकाया है। साहब के द्वारा विभागीय कार्यों को खुद ही ठेकेदार बन कर करवाया जा रहा है और महीनों से भुगतान को रोका गया है। इसी तरह ग्रामीण पुरुषोत्तम, नमेंद्र, अनिल, सावंत, जागेश्वर, नारायण, माखन, सुखेन्द्र, संतोष, तामेश्वरी, ममता, सावित्री, बिमला, अनिता, नरसो, कुमारी, साधना और सुरेंद्र ने संयुक्त रूप से आवेदन देते समय बताया कि साहब ने मनरेगा के तहत कार्य कराया पर भुगतान आधा ही किया। लंबित भुगतान दिलाने की मांग लेकर जब भी कार्यालय जाते तो साहब मुख्यालय से नदारद रहते। ज्ञापन देने के बाद सभी मजदूरों का नगद भुगतान कराया जा रहा है। सोचने वाली बात यह है कि मनरेगा के तहत सीधे खाते में मजदूरी का भुगतान किया जाता है मगर साहब के द्वारा नगद भुगतान किस मद से किया जा रहा है।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग

जनकपुर के तालाब में नहर लाइनिंग कार्य और वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य खुद विभाग के अधिकारियों द्वारा कराया जा रहा था। इसमें निम्न व घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग किया गया है जिससे निर्माण की गुणवत्ता बेहद खराब है। जहाँ मजदूरों से काम लेना था वहाँ जान बुझ कर मशीनों से कार्य कराया गया ताकि मोटी रकम बचाई जा सके। जब विभाग के अधिकारी स्वयं ठेकेदारी करने लग जाएँगे तो गुणवत्ता कहा से आयेगी। लाखों का यह कार्य विभाग की उदासीनता के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। निर्माण के दौरान पानी नहीं डाला गया और जिस नहर में वाटर कोर्स लाइनिंग कार्य किया जा रहा है उस नहर में फिलहाल पानी ही नहीं आ रहा है। इससे किसानो को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। इससे साफ जाहिर होता है कि यह कार्य केवल जल संसाधन विभाग के अधिकारी अपनी जेबें भरने के लिए करवा रहे थे और ऊपर तक सबका कमीशन बंधा हुआ था। इसी के चलते अब तक इस मामले पर बड़े अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की है जो कई संदेहों को जन्म दे रहा है।

# भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**नारायणपुर।** पुराने बसस्टैंड परिसर में भाजपा महिला मोर्चा की दो नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों ने पुष्पहार पहनाकर दोनों जनप्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। आश्रम वार्ड की पार्षद रमशीला नाग के भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष तथा तहसीलपारा वार्ड की पार्षद संगीता जैन के भाजपा महिला मोर्चा नारायणपुर की जिलाध्यक्ष नियुक्त होने पर आयोजित इस कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और महिला सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल एवं उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि यह दोनों नियुक्तियां सक्रियता और जनसेवा की भावना का प्रतिफल हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि रमशीला नाग एवं संगीता जैन अपने दायित्वों का निष्ठा एवं कर्मठता से निर्वहन करते हुए महिला मोर्चा को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी और समाजहित के कार्यों को और अधिक गति देंगी। कार्यक्रम में पार्षदगण संजय नंदी, कमलापति मिश्रा, प्रवीण जैन, हेमंत पात्र, कौशल बघेल, संतोष गोटा, गोविंद भोयर, रीता मंडल, नेहा कश्यप एवं कृति पोटाई ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

# जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे, हादसे की आशंका




**पखांजूर।** नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित शासकीय माध्यमिक शाला पी.वी. 55 का स्कूल भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। भवन की छत जगह-जगह से टूटकर गिर रही है, जिससे लोहे की छड़ और सरिया बाहर निकल आए हैं। बरसात के दिनों में छत से पानी टपकने के कारण कक्षाएं पूरी तरह भीग जाती हैं और बच्चों को डर के साये में पढ़ाई करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को लेकर वार्ड पार्षद प्रशांत कर्मकार ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि महज 18 वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से निर्मित यह स्कूल भवन इतनी कम अवधि में ही जर्जर हो गया है, जो निर्माण गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े करता है। पार्षद कर्मकार के अनुसार, इस समस्या को लेकर वे कई बार बीईओ और संबंधित अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस और सकारात्मक पहल नहीं की गई। स्कूल भवन की बदहाल स्थिति का असर बच्चों की शिक्षा पर भी साफ दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन की जर्जर हालत को देखते हुए कई अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतरा रहे हैं। वहीं, कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। स्कूल की प्राचार्य चंचला राय ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा भी अनेक बार उच्च अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से समस्या से अवगत कराया गया है। हर बार केवल आश्वासन ही मिला, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।

कक्षा आठवीं की छात्रा कु. मुस्कान नंदी ने शासन से भावुक अपील करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे स्कूल की व्यवस्थाएं जल्द सुधारी जाएं, ताकि हम सभी सुरक्षित माहौल में अच्छे से पढ़-लिख सकें। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब नगर पंचायत पखांजूर के भीतर स्थित स्कूलों की यह हालत है, तो अंदरूनी और दूरस्थ क्षेत्रों के शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हुए बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार की रक्षा करता है।

# यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के द्वारा स्कूल बसों का किया गया चेकिंग





**कांकेर।** शहर में संचालित प्राइवेट स्कूल बसों को गोविंदपुर स्कूल मैदान में बुलवाकर लगभग 55 स्कूल वाहनों का सम्पूर्ण दस्तावेज चेकिंग व वाहन का फिटनेस चेक कर वाहन चालक/ संचालकों को प्रत्येक गाड़ियों में हेल्फर रखने, ओव्हेरलोड नहीं करने, हमेशा निर्धारित वर्दी में रहने, बच्चों को रोड़ क्रास करवाते समय अपने हेल्पर के द्वारा करवाने, वाहन की सभी दस्तावेज हमेशा अपडेट रखने, स्कूल बसों में अग्नि समन यन्त्र रखने, ओव्हर स्पीड नहीं चलने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, किसी भी अज्ञात व्यक्तियों को लिफ्ट ना दे, स्कूल बसों में बच्चों के अलावा किसी अन्य को ना बिठाये, अगर नये वाहन चालक रखते है तो उसका दस्तावेज सत्यापन करवाने व बच्चों को सभी सुविधा उपलब्ध कराने निर्देश दिया गया। यातायात माह के तहत निखिल राखेचा पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशानुसार, आकाश श्रीमाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर तथा दिनेश सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस कांकेर के मार्गदर्शन में दीपक साव, रक्षित निरीक्षक यातायात प्रभारी कांकेर व यातायात बल कांकेर के द्वारा RTO ऋषभ नायडू व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा चेकिंग किया गया।

# 23 जनवरी को लगेगा एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव एवं अन्य जिलों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोण्डागांव द्वारा 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कैम्प कलेक्टर परिसर, जिला पंचायत के सामने स्थित आशा सिलाई सेंटर के बाजू, कोण्डागांव में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। इस प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल 71 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि., कोण्डागांव द्वारा फील्ड ऑफिसर के 50 पद एवं कलेक्शन ऑफिसर के 10 पद, क्वांटम व्हीकल्स प्रा. लि., कोंडागांव द्वारा मैनेजर का 1 पद तथा सेल्स एग्जीक्यूटिव के 6 पद और धनेश्वरी मोटर्स प्रा. लि., कोण्डागांव द्वारा ऑपरेटर के 2 पद एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव के 2 पद शामिल हैं। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। आयु सीमा सामान्यतः 18 से 40 वर्ष रखी गई है। कुछ पदों पर फ्रेशर अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा, जबकि कुछ पदों के लिए 0 से 4 वर्ष का अनुभव आवश्यक होगा। चयनित अभ्यर्थियों को 6 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह तक वेतन दिया जाएगा। कुछ पदों पर बाइक अथवा स्कूटी होना अनिवार्य बताया गया है तथा कार्यस्थल कोण्डागांव, आरंग, रायपुर, कुरूद एवं गरियाबंद निर्धारित है। प्लेसमेंट कैम्प में भाग लेने के इच्छुक युवक-युवतियों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो सहित सभी मूल दस्तावेज एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# जिले में धान खरीदी में भारी अव्यवस्थाओं व किसानों पर छापामारी के विरोध में कांग्रेस का कड़ा रुख



**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले में धान खरीदी की समय-सीमा समाप्त होने में मात्र 8 दिन शेष हैं, लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक जिले के केवल लगभग 50 प्रतिशत किसानों का ही धान खरीदी केंद्रों में लिया जा सका है। यह स्थिति प्रशासनिक लापरवाही और सरकार की उदासीनता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। इससे भी अधिक चिंताजनक और निंदनीय बात यह है कि पहली बार किसानों के घरों पर छापामारी जैसी कार्रवाई की जा रही है। किसान, जो हमारे देश की रीढ़ और अन्नदाता है, उनके घरों में जाकर कर्मचारियों द्वारा कोठियों में रखे धान का निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे किसान वर्ग अत्यंत भयभीत, मानसिक रूप से परेशान और अपमानित महसूस कर रहा है। यह किसानों के सम्मान और अधिकारों पर सीधा हमला है। धान खरीदी केंद्रों में टोकन कटाई, मास्टर मशीन, बारदाना, तौल प्रक्रिया एवं भुगतान व्यवस्था हर स्तर पर लगातार लापरवाही और अव्यवस्था देखने को मिल रही है। किसानों को बार-बार केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। कांग्रेस कमेटी यह स्पष्ट करना चाहती है कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी को लेकर सरकार अत्यंत गंभीर रही है। किसानों के हित सर्वोपरि थे और समयबद्ध, पारदर्शी तथा सम्मानजनक ढंग से धान खरीदी सुनिश्चित की जाती थी। विशेष रूप से यह स्मरणीय है कि अबूझमाड़ जैसे देश के अत्यंत विशेष पिछड़े क्षेत्र, जहाँ कभी विधिवत सर्वे तक नहीं हुआ था, वहाँ भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सरकार ने धान खरीदी की ऐतिहासिक शुरुआत कर किसानों को एक बड़ी सौगात दी थी। आज उसी क्षेत्र के किसानों की उपेक्षा किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इन तमाम परिस्थितियों को देखते हुए कांग्रेस कमेटी इस पूरे मामले का पुरजोर विरोध करती है। यदि शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो कांग्रेस आगामी दिनों में सड़क पर उतरकर आंदोलन, चक्का जाम, किसान हित में व्यापक संघर्ष करने को बाध्य होगी। साथ ही. इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच हेतु राज्य स्तरीय जांच समिति गठित किए जाने की मांग भी की जाती है, ताकि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### कूप से रामऔतार के खेतो में आई हरियाली आय में हुई वृद्धि के साथ परिवार में खुशहाली




**बलरामपुर।** विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम पंचायत अलका निवासी श्री रामऔतार के जीवन में कूप निर्माण खुशहाली का कारण बन गया है। वर्तमान में रामऔतार साल भर फसल ले रहे है। वे बताते हैं कि पहले जहां खेतों में सिंचाई के लिए बरसात के पानी पर निर्भर रहना पड़ता था। अब सिंचाई सुविधा से सहुलियत मिली है। श्री रामऔतार के पास 3 एकड़ जमीन है, पानी के आभाव में पहले सीमित उत्पादन हो पाता था। कई बार फसले नष्ट हो गयी जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा था। वे बताते हैं कि अधिकारियों के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से सिंचाई कूप (कुआं) निर्माण के लिए कुल 2.98 लाख की स्वीकृति मिली। कुंआ निर्माण कार्य से 1.23 लाख की मजदूरी गांव के मनरेगा जॉब कार्ड धारी परिवारों को प्राप्त हुआ। रोजगार प्राप्त करने वाले ग्रामीणों में हितग्राही का परिवार भी सम्मिलित है। पहले जहां एक फसलीय खेती किया करते थे अब वे खरीफ रबी और जायद फसले की खेती भी करने लगे है इस प्रकार कूप निर्माण हो जाने से बारहमासी फसल उगा रहें है, जिससे आय में बढ़ोत्तरी हुआ है। श्री रामऔतार कहते हैं कि अब सालभर फसल उत्पादन कर पा रहा हूं। इससे मेरी आय में वृद्धि हुई है जिससे परिवार के भरण पोषण में सहायता मिली है। पहले सिंचाई के अभाव में कम उत्पादन हो पाता था। अब मैने अपने 3 एकड़ में धान और तिलहन की फसल से लगभग 60 हजार का मुनाफा कमाया हूं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की वजह से मेरे जैसे किसानों को नई रहा मिली है। मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और भविष्य के लिए नई उम्मीदे जगी है और मेरा पूरा परिवार खुशहाल है।

### 25 दिवसीय सह योग शिविर का 20वा दिन राज्य प्रभारी कमलेश योगी द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया

**अंबिकापुर**/एक जनवरी 2026से आयोजित पच्चीस दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर गौरी शंकर मंदिर बसदेई जिला सूरजपुर (छ.ग.) में शानदार बीसवां दिवस आज पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी आदरणीय श कमलेश योगी जी, द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रातः कालीन योग सत्र का शुभारंभ किया गया। और उनका स्वागत सरगुजा का लोक पर्व कर्मा नृत्य से किया गया और स्वयं कर्मा का आनंद लेते हुए हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर नृत्य का आनंद लिए। और अपने ओजस्वी तेजस्वी उद्बोधन से सभी योग साधकों को योग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कराया योगाभ्यास।

### लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिग दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर के सरकंडा थाना क्षेत्र में लूटपाट करने वाले आरोपियों पर सरकण्डा पुलिस का प्रहार जारी है इसी क्रम में थाना क्षेत्र में लूटपाट कर दहशत फैलाने की कर रहे थे कोशिश जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डिलिवरी ब्वाय से मोबाईल एवं नगदी रकम किये थे लूट। लूट किये मशरूका मोटोरोला मोबाईल नगदी रकम बरामद। *प्रकरण में 2 आरोपी सहित विधि से संघर्षरत् 02 नाबालिग गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय किया गया पेश। गिरफ्तार आरोपियो में आकाश केंवट पिता विजय केंवट उम्र 21 वर्ष निवासी चिंगराजपारा षिव मंदिर के पास, थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर छ.ग., और दीपक पटेल पिता द्वारिका पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास चिंगराजपारा, थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर छ.ग.। विधि से संघर्षरत् 2 नाबालिक बालक है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुष कुमार खुसरो पिता संतोष खुसरो उम्र 26 वर्ष निवासी पीपरखुंटी परसदा थाना कोटा हा.मु. जोरापारा सरकण्डा का दिनांक 18.01.2026 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ब्लिंकिट कंपनी में सामान डिलिवरी का काम करता है, जो आज दिनांक 18.01.2026 के दोपहर करीब 01.30 बजे अशोक विहार फेस 2 से सामान डिलिवरी कर कंपनी का स्टोर जा रहा था तभी रास्ते में 4 लड़के मोटर सायकल को रूकवाये और जेब में रखे 1000रू. एवं मोटोरोला मोबाईल को लूट कर भागने लगे भागते भागते एक लड़का ने अपने साथी का नाम आकाश बोलते हुये जल्दी भागने के लिए बोलते हुये सभी लूट कर भाग गये।

### कलेक्टर-एसएसपी ने साप्ताहिक जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

# ग्रामीणों ने की शासकीय हैण्डपंप के निजी उपयोग की शिकायत




**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं एसएसपी श्री रजनेश सिंह ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने एक-एक कर प्रत्येक व्यक्ति से मुलाकात कर उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विषयों को लेकर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आवेदन दिया। जनदर्शन में आज लगभग 70 से 80 आवेदन प्राप्त हुए। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे और सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में आज ग्राम पंचायत विद्याहीह के ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में लगे शासकीय हैण्डपंप पर ओम पटेल द्वारा अवैध कब्जा कर निजी उपयोग किया जा रहा है। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता को मामले की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए है। ग्राम पंचायत ओखर की सरपंच ने ग्राम पंचायत में सचिव की नियुक्ति के लिए कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि सचिव नहीं होने से गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ को मामले को सौंपा। शहर के वसुंधरा नगर वार्ड क्रमांक 19 के निवासियों ने कॉलोनी में सड़क एवं नाली निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि खराब सड़क की वजह से बुजुर्गों एवं छात्रों को स्कूल आने जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नाली नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उसलापुर की दिव्यांग महिला संतोषी मंगेशकर ने ई-रिक्शा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने शासन की योजनांतर्गत ई-रिक्शा दिलाने की मांग की है जिससे वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सके। मामले को समाज कल्याण के संयुक्त संचालक देखेंगे। तारबहार के सत्यनारायण धनकर ने भू अर्जन के आवेदन के निराकरण के संबंध में अपना ज्ञापन दिया। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### आईटीआई कोनी में प्लेस मेंट कैम्प 22 जनवरी को

बिलासपुर। आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी के न्यू भवन में 22 जनवरी 2026 को सवेरे 10 बजे से फिल ग्रुप स्टील इंडस्ट्री घुटकू द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, आटोमोबाईल एवं कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने सभी दस्तावेजों के साथ शामिल हो सकते है। अधिक जानकारी के प्रशिक्षणार्थी आईटीआई कोनी में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते है।

## मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गणतंत्र दिवस पर जिले में करेंगे ध्वजारोहण

■ टीएल बैठक में कलेक्टर ने की तैयारियों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा




बिलासपुर। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की फ्लैगशीप योजनाओं, आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों एवं जनदर्शन के लंबित मामलों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में पहली बार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा ध्वजारोहण किया जाना संभावित है। कलेक्टर ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप में मनाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की। बैठक में एसएसपी श्री रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, वनमण्डलाधिकारी श्री नीरज सिंह, सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन, एडीएम कलेक्टर श्री शिवकुमार बनर्जी, मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस पर जिले के विकास कार्यों एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे आम नागरिकों को जिले की उपलब्धियों की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा कार्यक्रमों की पूर्व तैयारी समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने बताया कि 19 जनवरी से वंदे मातरम अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ हो रहा है, जिसके अंतर्गत जिले में विभिन्न राष्ट्रभक्ति गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

## प्राकृतिक आपदाओं से निपटने बाढ़ बचाव परिदृश्य पर मॉक अभ्यास सम्पन्न अमवार डेम में किया गया संयुक्त अभ्यास



**बलरामपुर।** प्राकृतिक आपदाओं तथा बाढ़ के दौरान राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के सनावल क्षेत्र के अमवार डेम में मॉक अभ्यास किया गया। मॉक अभ्यास में अपर कलेक्टर श्री आर.एन. पांडेय, तहसीलदार श्री आई.सी. यादव, जिला कमांडेंट नगर सेना श्री शिवकुमार कठौतिया, पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी व स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में त्वरित और समन्वित कार्रवाई ही जन-जीवन को सुरक्षित कर सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों, पुलिस, नगरसेना, एनडीआरएफ स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन दल की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मॉक अभ्यास किया गया। अभ्यास की शुरुआत में बाढ़ परिदृश्य एवं आपदा को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान मुनादी के माध्यम से आसपास के नागरिकों को सतर्क रहने का संदेश दिया गया। इसके बाद रेस्क्यू दल नाव और लाइफ जैकेट के साथ फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थान पर लाने के लिए उतरे। तत्पश्चात मॉक ड्रिल में फंसे लोगों को बारी-बारी से सुरक्षित स्थान अस्थाई राहत शिविर में लाया गया। स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस और मेडिकल टीम ने घायलों को स्ट्रेचर से उठाकर एंबुलेंस तक ले जाया गया।

## गांजा परिवहन करते दो तस्कर पकड़ाये

**बिलासपुर।** जिले की थाना रतनपुर पुलिस व एसीसीयू की संयुक्त टीम के द्वारा मादक पदार्थ गॉजा परिवहन कर रहे दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14.336 किलोग्राम गॉजा, 02 मोटर सायकल जब्त किया है। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के व्यापारियों पर अंकुश लगाने, नशे के विरूद्ध लोगों को जागरूक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। तथा अवैध नशे के व्यापारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण)मधुलिका सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध शराब, गाँजा,नशीली दवाई बिक्री करने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तैनात किया गया है, कि दिनाँक 18/01/2026 को जरिये मुखबीर से सुचना मिला कि 03 व्यक्ति ग्राम गिधौरी की ओर से 02 मोटर सायकल में अवैध रूप से मादक पदार्थ गॉजा बिक्री करने नेवसा रोड से ग्राम जाली की ओर ले जाने वाले हैं। सुचना से थाना प्रभारी रतनपुर द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर थाना रतनपुर में टीम गठित कर नेवसा रोड ग्राम जाली में घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किये जहाँ 03 व्यक्ति 02 अलग-अलग मोटर सायकल में जिनमें से एक व्यक्ति आशीष कश्यप निवासी गिधौरी का मोटर सायकल से उतरते ही अंधेरा होने का फायदा उठाते भाग गया, और अन्य 02 व्यक्तियों कुशल निर्मलकर पिता रमेश निर्मलकर उम्र 23 वर्ष तथा जयकिशन ऊर्फ दीपक सारथी पिता राजकुमार।

## दिल्ली के डीलिस्टिंग गर्जना महारैली में सरगुजा संभाग से शामिल होंगे लाखों हजारो लोग......

24 मई को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित होगा



**अंबिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच केंद्र प्रांत जशपुर की बैठक जशपुर में आयोजित किया गया। यह बैठक देश की राजधानी दिल्ली में इस साल 24 मई को रामलीला मैदान में होने वाले डीलिस्टिंग गर्जना महारैली की तैयारियों के सिलसिले में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत ने महारैली की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि देश के इतिहास में यह पहला अवसर होगा जब देश के सभी जनजाति समाज के लाखों लोग, एक मुद्दे डीलिस्टिंग पर एकजुट होकर मांग करेंगे। सरगुजा संभाग से भी प्रत्येक गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होंगे। सरगुजा संभाग से पचास हजार से ज्यादा संख्या में जनजातीय समाज इसमें शिरकत करेगा। विकासखंड, जिला और प्रदेश स्तर की महारैली के बाद जनजातीय समाज अब दिल्ली में डीलिस्टिंग गर्जना के लिए कूच करेगा। यह पहला अवसर होगा जब जनजातीय समाज देश की राजधानी में इस कानून की मांग करने वाला है। प्रान्त संयोजक रोशन प्रताप सिंह ने संगठनात्मक संरचना पर जोर देते हुए कहा कि जिला से लेकर ग्राम स्तर तक की समितियों के गठन कार्य को पूर्ण करके, सभी गांव में डीलिस्टिंग की मांग का प्रस्ताव ग्राम सभा से पारित कराना है। आने वाले दिनों में सभी सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महापौर, नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच सहित सभी जनप्रतिनिधियों से मिलकर उनसे इस मांग पर समर्थन के लिए संपर्क अभियान चलाने की जानकारी दिए। बैठक में संरक्षक पनत राम भगत ने दिल्ली चलो की तैयारियों के कड़ी में गांव गांव में जनजागरण यात्रा, पदयात्रा एवं वाहन यात्रा करने एवं प्रत्येक गांव एवं मोहल्ला में दिवाल लेखन पर जोर दिए।बैठक में संरक्षक महेश्वर राम, केंद्रीय टोली सदस्य रवि भगत, प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत, लालदेव भगत, जिला संयोजक मानेश्वर भगत, संत सिंह, मेहीलाल आयाम, संपत लाल भगत, मानकेश्वर भगत, रज्जू राम, श्रीराम भगत, अमवती सिंह, जयंती भगत, शशिकरण खेस, स्वाति संत सिंह, प्रताप सिंह, दुखसिंह भगत, बालक राम भगत, फाल्गुनी नन्दे, रंजीत, अर्जुन सिंह, विद्यासागर सिंह, श्रीराम भगत, आशीष सहित प्रांत, जिला एवं विकासखंड के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नितिन नबीन के निर्विरोध भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सरगुजा में जश्न,कार्यकर्ताओं ने मनाया उत्सव.......

■ घड़ी चौक पर आयोजित हर्षोल्लास कार्यक्रम में आतिशबाजी व मिठाई वितरण, भाजपा नेताओं ने जताया गर्व




**अंबिकापुर।** नितिन नबीन के निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा सरगुजा के कार्यकर्ताओं में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय घड़ी चौक में भाजपा सरगुजा द्वारा हर्षोल्लास सभा का आयोजन किया गया, जहाँ भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के साथ बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की। हर्षोल्लास सभा को संबोधित करते हुये प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी और सशक्त कार्यकर्ता-आधारित राजनीतिक पार्टी है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चयन हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा दल है जहाँ एक सामान्य कार्यकर्ता संगठन के सर्वोच्च पद तक पहुँच सकता है और हम सबके साथ कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने वाले नितिन नबीन जी इसके उदाहरण हैं ।उन्होंने कहा कि नितिन नबीन ने संगठन में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए अपनी निष्ठा, क्षमता और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। उनका नेतृत्व पार्टी को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि नितिन नबीन जी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता की जीत है। यह चयन संगठन की लोकतांत्रिक और कार्यकर्ता-प्रधान परंपरा को सशक्त करता है। उनके नेतृत्व में भाजपा राष्ट्र निर्माण के अपने संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी। सरगुजा का प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक निर्णय से उत्साहित है और पार्टी की नीतियों व विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने किया। इस अवसर पर बस्तर संभाग संगठन सह प्रभारी हरपाल सिंह भामरा, महापौर मंजूषा भगत, पूर्व जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह, ममो प्रदेश महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, अम्बिकेश केशरी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिमन्यु गुप्ता, विकास पांडेय, मधुसूदन शुक्ला, अरुणा सिंह, निश्चल प्रताप सिंह, मनीष सिंह, जनमेजय मिश्रा, मनोज गुप्ता, राजकुमार बंसल, रुपेश दुबे, अजय प्रताप सिंह, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, राकेश बबलु गुप्ता, शुभांगी बिहाड़े, निशांत सिंह शोलू, जितेंद्र सोनी, रविन्द्र गुप्त भारती, संजीव वर्मा, गोल्डी बिहाड़े, नीलम रजवाड़े, अजय सोनी, शैलेंद्र शर्मा, रवि शंकर जायसवाल, जतिन परमार, प्रियंका चौबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अशांति फैलाने वाले बदमाशों के विरूद्ध सरकण्डा पुलिस का प्रहार,दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर आरोपी ने किया विवाद किया जिसके बाद रकम देने से मना करने पर क्षुब्ध होकर गाली गलौच करते हुये मारपीट करते हुये चाकू से किया था वार। आरोपी के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर आर्म्स एक्ट के तहत् की गई कार्यवाही । आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय किया गया पेश। गिरफ्तार आरोपियो में कोमल देवांगन उर्फ करन पिता हीरालाल देवांगन उम्र 24 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास लिंगियाडीह, थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) और,तुलेश्वर दिवाकर उर्फ गोलू पिता मूलचंद दिवाकर उम्र 22 वर्ष निवासी काली मंदिर के पास लिंगियाडीह, थाना सरकण्डा, जिला बिलासपुर हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष साहू पिता कोदू साहू उम्र 56 वर्ष निवासी विश्वकर्मा चौक चिंगराजपारा सरकण्डा का रविवार को रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ठेला लगाता है, प्रतिदिन की भांति आज रात्रि 11.00 बजे ठेला लगाकर वापस आया था खाना खाकर घर में सोये थे लड़का शुभम साहू मोहल्ले में नवधा रामायण देखने गया था कि रात्रि करीब 02.15 बजे पड़ोस का राजेन्द्र साहू आया और बताया कि नवधा रामायण चौक के पास कोमल देवांगन और गोलू दिवाकर ने शुभम साहू से शराब पीने के लिए 1000 रू. की मांग कर रहे थे जिसे शुभम पैसा देने से मना किया तो दोनो अश्लील गाली गलौच करते हुये मारपीट करने लगे।

# घर में सुख-शांति और सकारात्मकता के लिए रखें भगवान हनुमान की खास तस्वीरें!



**हमारे घरों में सकारात्मक ऊर्जा और शांति बनाए रखने के लिए वास्तु शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं। इन्हीं उपायों में भगवान हनुमान जी की तस्वीरें भी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। हनुमान जी को संकटमोचक कहा जाता है, और उनकी पूजा से न केवल कठिनाइयों का नाश होता है, बल्कि घर में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मकता भी बनी रहती है।**

मानसिक शांति और क्रोध पर नियंत्रण के लिए

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में मानसिक शांति बनी रहे और घर के सदस्यों का क्रोध नियंत्रण में रहे, तो हनुमान जी की ध्यान मुद्रा वाली तस्वीर घर के उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। हनुमान जी की इस तस्वीर को देखकर मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। ध्यान मुद्रा में हनुमान जी का चित्र आत्मसंयम और शांति का प्रतीक है। यह चित्र आपको धैर्यवान और शांतचित्त रहने में मदद करता है।

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए

अगर घर के सदस्यों को बार-बार स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो हनुमान जी की वह तस्वीर लगाएं जिसमें वे संजयवनी बूटी ले जाते हुए दिखाई देते हैं। यह तस्वीर भी घर की उत्तर-पूर्व दिशा में लगानी चाहिए। यह न केवल घर में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाती है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को भी दूर करती है। यह चित्र स्वस्थ जीवन और बल का प्रतीक है।

### बुरी शक्तियों और नकारात्मक ऊर्जा से बचाव के लिए



अगर आप अपने घर को नकारात्मक ऊर्जा और बुरी शक्तियों से बचाना चाहते हैं, तो पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में लगाएं। पंचमुखी हनुमान जी की यह तस्वीर सुरक्षा और शक्ति का प्रतीक मानी जाती है। इसे घर में लगाने से घर पर कोई भी नकारात्मक शक्ति प्रभाव नहीं डालती और घर का हर सदस्य सुरक्षित महसूस करता है। यह चित्र शत्रुओं से बचाने और जीवन में साहस बनाए रखने में भी मदद करता है।

### धन और समृद्धि के लिए

अगर आप चाहते हैं कि आपके घर में धन और समृद्धि बनी रहे, तो सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर घर के दक्षिण दिशा में लगाएं। सूर्य देव को प्रणाम करते हुए हनुमान जी की तस्वीर से घर में धन का प्रवाह बना रहता है और सभी कार्यों में सफलता मिलती है। यह तस्वीर जीवन में प्रगति और समृद्धि का प्रतीक है।

### तस्वीरें लगाने में ध्यान रखने योग्य बातें

1. तस्वीर को साफ-सुथरी जगह पर लगाएं और उसके आस-पास गंदगी न रखें।
2. हनुमान जी की तस्वीर को रोजाना प्रणाम करें और अगर संभव हो तो दीपक जलाएं।
3. तस्वीर को हमेशा सकारात्मक भावना और श्रद्धा के साथ लगाएं।
4. तस्वीर को ऐसी जगह पर लगाएं जहां हर कोई आसानी से देख सके और वह दिशा वास्तु के अनुसार सही हो।

भगवान हनुमान की तस्वीरें केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखतीं, बल्कि वास्तु और सकारात्मक ऊर्जा के दृष्टिकोण से भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। अगर आप इन तस्वीरों को सही दिशा और सही भावना के साथ अपने घर में लगाते हैं, तो यह आपके जीवन में सुख-शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और सुरक्षा लाने में मददगार साबित होगी।

# सीढ़ियों के नीचे की जगह का करें स्मार्ट इस्तेमाल

## इंटीरियर डिज़ाइनर के खास टिप्स



**घर में जगह का सही उपयोग करना हर इंटीरियर डिज़ाइनर की प्राथमिकता होती है। अक्सर घरों में सीढ़ियों के नीचे की जगह खाली पड़ी रहती है, जिसे कई लोग नज़रअंदाज कर देते हैं। लेकिन, यह जगह न केवल आपकी जरूरतों को पूरा करने का, बल्कि आपके घर को और आकर्षक बनाने का मौका भी देती है। अगर आप भी अपने घर की सीढ़ियों के नीचे के कोने को उपयोगी और स्टाइलिश बनाना चाहते हैं, तो ये टिप्स आपके काम आ सकते हैं।**

### स्टोरेज एरिया बनाएं

सीढ़ियों के नीचे स्टोरेज एरिया बनाना सबसे आम और उपयोगी विकल्प है। आप इस जगह पर अलमारियां या कैबिनेट्स डिज़ाइन करवा सकते हैं। यह जगह जूतों, किताबों, या अन्य सामान को व्यवस्थित रखने के लिए परफेक्ट है। स्लाइडिंग दरवाजों के साथ मॉड्यूलर स्टोरेज डिज़ाइन इसे और भी फंक्शनल बना सकता है।

### मिनी लाइब्रेरी या बुकशेल्फ का सेटअप करें

अगर आप किताबों के शौकीन हैं, तो सीढ़ियों के नीचे की जगह को मिनी लाइब्रेरी में बदल सकते हैं। दीवार पर फिटेड बुकशेल्फ डिज़ाइन करवाकर आप न केवल अपने घर को स्टाइलिश बना सकते हैं, बल्कि किताबों को व्यवस्थित रखने का बेहतरीन समाधान भी पा सकते हैं।

### वर्कस्पेस या होम ऑफिस

आज के समय में वर्क फ्रॉम होम आम हो गया है। सीढ़ियों के नीचे का कोना एक कॉम्पैक्ट होम ऑफिस के लिए एकदम सही हो सकता है। यहां एक टेबल, कुर्सी और कुछ शेल्फ लगाकर आप इसे एक कार्यक्षेत्र में बदल सकते हैं। अच्छी रोशनी और दीवारों पर पिनबोर्ड या सजावट से इसे और भी आकर्षक बनाएं।

### रीडिंग नूक (आरामदायक कोना)

आराम से बैठकर पढ़ने या चाय का आनंद लेने के लिए सीढ़ियों के नीचे एक छोटा सा रीडिंग नूक बनाया जा सकता है। इसके लिए एक छोटा सोफा, कुशन और साइड टेबल काफी होंगे। यह जगह परिवार और दोस्तों के लिए भी आरामदायक बन सकती है।

### मिनी गार्डन या प्लांट डिस्प्ले

अगर आप हरियाली पसंद करते हैं, तो सीढ़ियों के नीचे की जगह को मिनी गार्डन में बदल सकते हैं। यहां छोटे गमले, सुकुलेंट्स और दीवार पर हैंगिंग प्लांट्स लगाकर इसे एक आकर्षक ग्रीन स्पेस में तब्दील करें। सही लाइटिंग और वॉटरप्रूफिंग का ध्यान रखें।

### बच्चों के खेलने की जगह

सीढ़ियों के नीचे बच्चों के लिए एक छोटा प्ले जोन डिजाइन किया जा सकता है। यहां कुशन, खिलौनों के बॉक्स और दीवार पर सजावटी पेंटिंग्स से इसे उनके लिए मजेदार और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

### पालतू जानवरों के लिए कोना

अगर आपके पास पालतू जानवर हैं, तो सीढ़ियों के नीचे का स्पेस उनके लिए एक आरामदायक कोना बन सकता है। यहां उनका बिस्तर, खाने के बर्तन और खिलौने रखे जा सकते हैं। यह उन्हें उनकी खुद की एक जगह देने का शानदार तरीका है।



### वाइन स्टोरेज या बार काउंटर

अगर आप वाइन कलेक्टर हैं या दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद करते हैं, तो सीढ़ियों के नीचे वाइन स्टोरेज या मिनी बार काउंटर डिज़ाइन कर सकते हैं। यहां एक स्टाइलिश कैबिनेट और काउंटर लगाकर इसे एक आकर्षक एंटरटेनमेंट स्पेस बनाया जा सकता है।

### डिस्प्ले यूनिट या गैलरी

सीढ़ियों के नीचे एक डिस्प्ले यूनिट बनाकर आप अपने घर की खासियत को बढ़ा सकते हैं। इसमें आर्ट पीस, पारिवारिक तस्वीरें या सजावटी सामान रख सकते हैं। सही लाइटिंग के साथ यह कोना आपके मेहमानों का ध्यान खींचने वाला बन जाएगा।

### छोटे गेस्ट रूम का विकल्प

अगर आपके घर में जगह की कमी है, तो सीढ़ियों के नीचे एक छोटे गेस्ट रूम का सेटअप किया जा सकता है। यहां एक सिंगल बेड और कुछ जरूरी फर्नीचर रखकर इसे आरामदायक बनाया जा सकता है।

सीढ़ियों के नीचे की जगह को सही तरीके से उपयोग करके आप न केवल अपने घर को व्यवस्थित रख सकते हैं, बल्कि इसे एक नया और आकर्षक रूप भी दे सकते हैं। चाहे स्टोरेज हो, रीडिंग नूक, मिनी गार्डन या होम ऑफिस, आपके घर की इस अनदेखी जगह को स्मार्ट डिजाइन से काम में लाने के ढेरों विकल्प हैं। एक



इंटीरियर डिजाइनर के रूप में मेरा मानना है कि हर इंच का सही उपयोग करना न केवल व्यावहारिक है, बल्कि आपके घर की सुंदरता और आरामदायकता को भी बढ़ाता है।

तो अगली बार अपने घर को डिज़ाइन करते समय सीढ़ियों के नीचे की जगह को भी एक नई पहचान दें!

**1. स्टोरेज एरिया बनाएं**

- एक स्मार्टली डिज़ाइन किया हुआ मॉड्यूलर स्टोरेज, जिसमें स्लाइडिंग दरवाजे हैं।
- दिखाएं कि जूतों और किताबों के लिए अलग-अलग खांचे किस तरह उपयोग किए जा सकते हैं।

**2. मिनी लाइब्रेरी या बुकशेल्फ**

- दीवार पर फिटेड बुकशेल्फ के साथ एक स्लीक डिज़ाइन।
- किताबों के साथ कुछ डेकोरेटिव आइटम्स, जैसे छोटे प्लांट्स या फोटो फ्रेम।

**3. वर्कस्पेस या होम ऑफिस**

- एक कॉम्पैक्ट टेबल और कुर्सी के साथ वॉल-माउंटेड शेल्फ।
- लैपटॉप, पिनबोर्ड, और सुंदर वॉल डेकोर के साथ वर्कस्पेस का सेटअप।

**4. रीडिंग नूक (आरामदायक कोना)**

- एक छोटी बेंच या सोफा, जिसमें कुशन और साइड में लैंप रखा हो।
- आरामदायक सेटअप, जिसमें किताबें और एक कॉफी मग रखा हो।

**5. मिनी गार्डन या प्लांट डिस्प्ले**

- सीढ़ियों के नीचे छोटे गमले, सुकुलेंट्स और हैंगिंग प्लांट्स का डिस्प्ले।
- वुडन पैनल्स और लाइटिंग के साथ ग्रीनरी को सजाते हुए।

**6. बच्चों के खेलने की जगह**

- छोटे कुशन, खिलौनों का बॉक्स और रंग-बिरंगी दीवारें।
- बच्चों के खेलने के लिए एक मस्तीभरा कोना।

**7. पालतू जानवरों के लिए कोना**

- सीढ़ियों के नीचे पालतू जानवरों का बिस्तर और उनके खाने-पीने की चीजें व्यवस्थित तरीके से।
- उनकी पसंदीदा चीजों जैसे खिलौनों और चबाने वाली हड्डियों को भी शामिल करें।

**8. वाइन स्टोरेज या बार काउंटर**

- स्टाइलिश वाइन रैक और बार काउंटर।
- ग्लास होल्डर्स और बैकलिट लाइटिंग के साथ एलिगेंट लुक।

ये भी पढ़ें- इ्ड्डह्यह्लह्व अद्गक्षह्य- घर में इन जगहों पर भूलकर भी न रखें पैसे, हो सकती है धन हानि

**9. डिस्प्ले यूनिट या गैलरी**

- आर्ट पीस और तस्वीरों के साथ वॉल-माउंटेड डिस्प्ले यूनिट।
- स्पॉटलाइट्स के साथ हर डिस्प्ले को हाइलाइट करते हुए।

**10. छोटे गेस्ट रूम का विकल्प**

- सिंगल बेड और वॉल-माउंटेड फर्नीचर के साथ एक कॉम्पैक्ट गेस्ट रूम।
- हल्के रंगों और अच्छे लाइटिंग से इसे अधिक खुला और आरामदायक दिखाएं।

# नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊँचाई प्रदान करेगा -सुरेंद्र कौशिक

### भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने दी बधाई





**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्री नितिन नबीन के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने यशस्वी कार्यकाल की कामना कर बधाई दी है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने रैली के रूप में जिला भाजपा कार्यालय से निकलकर पटेल चौक में फटाके फोड़ कर एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर मुख्य रूप से कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, जिला महामंत्री दिलीप साहू विनोद अरोरा, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित रहे

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि मजबूत संगठन, स्पष्ट नेतृत्व और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ की सहभागिता केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक एकता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारतीय जनता पार्टी की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है।

भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि एक युवा नेता होने के नाते श्री नबीन का नेतृत्व कार्यकर्ताओं को ऊर्जावान बनाएगा और पार्टी के आदर्शों को ऊँचाई प्रदान करेगा। छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी और बाद में प्रभारी के रूप में उनके मार्गदर्शन में पिछ?ले विधानसभा चुनाव से लेकर निकाय-पंचायत चुनावों में पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने श्री नबीन को ऊर्जा से भरपूर चमत्कारिक प्रतिभा का धनी बताते हुए कहा कि एक युवा नेता को तौर पर श्री नबीन भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद संभाल रहे हैं और आने वाला समय युवाओं का है। यह सब एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हो रहा है, इसलिए यह निश्चित रूप से पार्टी और भाजपा के लिए बहुत फायदेमंद होगा।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा की से नितिन नवीन जी का कार्यकाल सफल प्रेरक और स्मरणीय रहने की मंगल कामना करते हुए मैं कहता हूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव कार्य कुशलता एवं समर्पण पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएगा नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा संगठनात्मक रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी और उनका मार्गदर्शन पार्टी संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत सिद्ध होगा मैं उन्हें अपनी मंगल शुभकामनाएं बधाई प्रेषित करता हूं।

दुर्ग नगर निगम महापौर अलका बाघमार ने भी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, मनोज सोनी, अशोक राठी, मंत्री गिरेश साहू, गायत्री वर्मा, शैलेंद्र शैंडे, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन, सह कोषाध्यक्ष ध्रुव सचदेव, कार्यालय मंत्री सैयद आसिफअली सह कार्यालय मंत्री राहुल पंडित प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, सोशल मीडिया जिला संयोजक रजनीश श्रीवास्तव आईटी सेल जिला संयोजक जितेंद्र सिंह राजपूत सहसंयोजक विनय महोबिया, मंडल भाजपा अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, बंटी चौहान, महेंद्र लोढ़ा, मनमोहन शर्मा, लिकेश्वर देशमुख, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत महामंत्री अजीत चंद्राकर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री जयश्री राजपूत,वरिष्ठ भाजपा नेता अजय तिवारी, राजेंद्र पाध्ये, विनायक नातू, अनूप सोनी, आशीष निमजे, रितेश शर्मा, मनोज अग्रवाल, मंडल महामंत्री भाजपा राकेश दुग्गड,अमित पटेल नवीन साहू पूराण देशमुख भूपेंद्र साहू अनिकेत यादव जय श्री राजपूत मोहन बागूल महेंद्र चोपड़ा रितेश जैन बिंदु भुवाल डॉ भारती साहू दिनेश्वरी तुरकर सुमन वर्मा जुही चंद्राकर श्वेता कनौजिया अजय चंद्राकर लेखिका आढ़तिया रीता मेश्राम डॉक्टर गुंजा पिंचा निरंजन दुबे तोषण साहू ममता गुरुंग मनीष भंडारी यशोदा साहू अंजना डहरे कुंदन साहू महेंद्र यादव अभिषेक राजपूत ज्ञानेश्वर ताम्रकार विनोद चंद्राकर शशि द्वारका साहू युवराज कुंजाम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 68 वॉ नि:शुल्क शिविर सकल जैन समाज दल्ली राजहरा के सानिध्य में शिविर का आयोजन किया






**दल्लीराजहरा।** विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन मंगलवार को किया जा रहा है। इस आशय कि जानकारी देते हुए क्रांति मेडिकल के संचालक क्रांति जैन ने बताया उनके द्वारा यह 68 वॉ निःशुल्क शिविर सकल जैन समाज दल्ली राजहरा के सानिध्य में अपने पिताजी स्व. कमलचंद जैन के पावन स्मृति में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस नेत्र शिविर के आयोजन में डॉ. आनंद सक्सेना (अरविंदो नेत्रालय, रायपुर)के नेत्र रोग विशेषज्ञों और उनकी टीम द्वारा के सहयोग से सुबह 9:00 बजे से शाम 3 बजे तक जैन दादाबाड़ी, जैन भवन चौक, दल्ली राजहरा में होगा। दल्ली राजहरा सहित आस पास के आम जनता से अपील किया जाता है कि अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर इस विशाल निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का लाभ उठाएं एवं जिन्हे भी मृत्यु पश्चात् नेत्र दान करना हो वे भी फार्म भर सकते है। इस नेत्र शिविर में उपलब्ध सुविधाएँ, मरीज का निःशुल्क नेत्र परीक्षण, जरूरतमंद लोगों का ऑपरेशन निः शुल्क किया जाएगा। मरीजों को भोजन, दवाईयाँ, चश्मा आदि की व्यवस्था रहेगी।

# सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा और हरिभूमि मार्केटिंग हेड संजय बनवासी ने किया 'लोकतंत्र प्रहरी' और एसआर हॉस्पिटल का संयुक्त कैलेंडर 2026 का विमोचन




**दुर्ग । विशेष संवाददाता।** सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा और हरिभूमि मार्केटिंग हेड संजय बनवासी ने दुर्ग में एक सादगीपूर्ण समारोह में लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप और एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज, दुर्ग के संयुक्त वार्षिक कैलेंडर 2026 का विमोचन किया।

इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा और हरिभूमि मार्केटिंग हेड संजय बनवासी ने दोनों संस्थाओं द्वारा समाज कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा,मीडिया और स्वास्थ्य सेवाएं समाज के दो मजबूत स्तंभ हैं। लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप की निष्पक्ष पत्रकारिता और एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज द्वारा प्रदान की जा रही उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं का यह संयुक्त प्रयास समाज के लिए अनुकरणीय है।÷

ऐसे सहयोग से समाज में जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होता है, जो लोकतंत्र को और मजबूत बनाता है।

कार्यक्रम में सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा और हरिभूमि मार्केटिंग हेड संजय बनवासी ने दोनों संस्थानों के भविष्य के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों के लिए अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों, लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप और एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के सभी सदस्यों को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एसआर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमैन श्री संजय तिवारी, ओम् नमः शिवाय सहित अन्य उपस्थित थे।

अंत में चेयरमैन श्री संजय तिवारी ने सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष आनंद ओझा और हरिभूमि मार्केटिंग हेड संजय बनवासी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और उनके मार्गदर्शन को संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

यह संयुक्त कैलेंडर न केवल समय प्रबंधन का साधन है, बल्कि समाज सेवा, पत्रकारिता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में दोनों संस्थाओं की साझेदारी का प्रतीक भी है। छत्तीसगढ़ के विकास और समाज कल्याण के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहें, यही कामना है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की नियत से हमला करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** दवेंद्र वर्मा उम्र 30 साल निवासी ग्राम ढेंकापुर, थाना थान खम्हरिया, जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर में था उसी समय गांव के डाकवर ठाकुर, राहुल ठाकुर एवं अन्य 02 ने जबरदस्ती घर अंदर आकर पुरानी रंजिश की बातो को लेकर चारो एक राय होकर जान से मारने की धमकी देकर चाकू से हत्या करने की नियत से प्रार्थी के सिर के पीछे प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया है। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 351(3), 115(2), 109(1), 333, 3(5), बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, डीएसपी राजेश कुमार झा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा को थाना स्टाफ के साथ प्रकरण की विवेचना कार्यवाही में लगाया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी डाकवर ठाकुर एवं राहुल ठाकुर दोनो निवासी ढेंकापुर थाना खम्हरिया को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपने दो और साथी के साथ मिलकर अपना अपराध करना स्वीकार किया।

# विकसित भारत जी राम जी जनजागरण अभियान के प्रणीश रजक जिला संयोजक नियुक्त



**बेमेतरा।** भाजपा जिला बेमेतरा के उपाध्यक्ष प्रणीश रजक को विकसित भारत जी - राम - जी जनजागरण अभियान के लिए जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। रजक ने यह नियुक्ति के लिए जिला अध्यक्ष एवं पार्टी के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की हर गरीब को रोजगार मिले और उसकी गरिमा का सम्मान हो। गरीब जनजाति और पिछड़ा को रोजगार मिले उसके लिए यह कानून आया है। विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। यह पूरा बिल महात्मा गांधी की भावना के अनुरूप है और राम राज्य की स्थापना के लिए लाया जा रहा है और आखिर कांग्रेस और एनडी गठबंधन को विकसित भारत और भगवान राम के नाम से इतनी नफरत क्यों है? कांग्रेस कितनी भी साजिश रच ले देश 2047 तक विकसित भारत बन कर रहेगा एवं प्रणीष ने बताया नई योजनाओं में काम के दिन ज्यादा होंगे तो साथ ही मजदूरों को पारिश्रमिक भी जल्दी मिलेगा। हर ग्रामीण परिवार को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। वन क्षेत्र में काम करने वाले स्त्र कामगारों को 25 दिन का रोजगार और अधिक मिलेगा। मनरेगा जैसे कार्य पर सबसे अधिक खर्च मोदी सरकार ने किया है। मनरेगा पर अब तक 11.74 लाख करोड़ रुपए खर्च हुए जिसमें मोदी सरकार ने 8.53 लाख करोड रुपए खर्च किए हैं। पूर्व में रोजगार योजना के नाम पहले से महात्मा गांधी के नाम पर नहीं था। 1980 में इंदिरा गांधी ने सभी पुरानी रोजगार योजनाओं को मिलाकर राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम योजना का नाम दिया जिसे राजीव गांधी ने जवाहर रोजगार योजना का नाम दे दिया। सोनिया मनमोहन की सरकार ने 2004 में नरेगा कर दिया गया। इसे फिर 2005 में मनरेगा किया गया। कांग्रेस की सरकार ने जब जवाहर रोजगार योजना का नाम बदला था तो क्या यह पंडित जवाहरलाल नेहरू का मन नहीं था? चूंकि चुनाव की बेला थी और महात्मा गांधी के नाम से लोगों को भावुक कर वोट मांगने का स्वार्थ था। इसी तरह आवास योजना का नाम पहले ग्रामीण आवास योजना था राजीव गांधी ने 1985 में इसका नाम बदल कर इंदिरा आवास योजना कर दिया था। अप्रैल 2005 में कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण योजना को राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना कर दिया। हर योजना में इन्होंने गांधी (एक परिवार) नेहरू के नाम जबरन डाले। मोदी सरकार में नाम नहीं काम बोलता है वीबी-जी-राम-जी बिल में प्रावधान किया गया है की बुवाई और कटाई के मौसम में 60 दिन काम बंद कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य बुवाई और कटाई के समय मजदूरों की कमी नहीं होने देना है मनरेगा में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है साथ ही रजक ने बताया नए बिल में मनरेगा के विपरीत हर हफ्ते पेमेंट किया जा सकता है।

# महिला क्रिकेट टूर्नामेंट: नित्या-XI और नित्या भव्य-XI के बीच होगा महामुकाबला




### फाइनल और तीसरे स्थान के मुकाबले की घोषणा

**दुर्ग/ खेल संवाददाता।** मंगलवार महिला क्रिकेट टूर्नामेंट अपने अंतिम चरण में पहुँच चुका है, जहाँ शीर्ष दो टीमें सीधे फाइनल में भिड़ेंगी। आयोजकों ने घोषणा की है कि टूर्नामेंट का महामुकाबला बुधवार, 21 जनवरी को खेला जाएगा।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सीधे फाइनल में प्रवेश कर गई हैं। फाइनल में आमने-सामने होंगी नित्या-XI और नित्या भव्य-XI। यह मैच दोपहर 12:00 बजे शुरू होगा और दर्शकों को एक रोमांचक मुकाबला देखने की उम्मीद है।

वहीं, तीसरे और चौथे स्थान के लिए भी मैच का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे स्थान के लिए बालाजी-XI और गोल्डन क्लब की टीमें सुबह 10:00 बजे भिड़ेंगी। यह मैच 10-10 ओवर का होगा। आयोजन समिति ने सभी टीमों को बधाई दी है। इसके अलावा महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतिम दिन बुधवार, 21 जनवरी को होने वाले मैचों का कार्यक्रम इस प्रकार है।

सुबह 10:00 बजे तीसरा स्थान बालाजी-XI बनाम गोल्डन क्लब 10 ओवर

दोपहर 12:00 बजे महा फाइनल नित्या-XI बनाम नित्या भव्य-XI -की टीमें मैच में हिस्सा लेंगे।

## राज्यपाल का गोद ग्राम टेमरी में नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण शुभारंभ



**बेमेतरा।** मिशन शक्ति योजनांतर्गत बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा दिये जाने हेतु माननीय राज्यपाल जी का गोद ग्राम टेमरी परियोजना नांदघाट के सामुदायिक भवन में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के द्वारा भारत सरकार की कार्ययोजना अंतर्गत 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के तहत् जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशानुसार 35 इच्छुक किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को 01 माह निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर पिंकी निषाद के द्वारा दी जा रही है। उक्त प्रशिक्षार्थियों को चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, बेमेतरा के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, छ.ग.महिला कोष की सक्षम योजना एवं ऋण योजना की जानकारी दी गई। साथ ही बालिकाओं को लैंगिक समानता, लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई पर ध्यान देना, सही पोषण के लिए संतुलित आहार, आईएफए टैबलेट, आयरन युक्त खाद्य पदार्थ पर विशेष चर्चा, एनीमिया की रोकथाम, तथा मासिक धर्म स्वच्छता के विषय में जानकारी दी गई एवं 181 सखी वन स्टॉप सेंटर, चाईल्ड हेल्प लाइन 1098, पॉक्सो की जानकारी भी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी, हब, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड लाईन की टीम, सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थिति रहे। यह कार्यक्रम बालिकाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार उन्मुख बनाने एवं सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## जनदर्शन में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन की समस्याएं सुनीं, जनदर्शन में प्राप्त हुए 72 आवेदन



**बेमेतरा।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिससे जनदर्शन की प्रक्रिया सुचारू एवं प्रभावी रही।

# करोड़ों के कथित धान घोटाले को लेकर कांग्रेस का दुर्ग में प्रदर्शन

**करोड़ों का धान चूहा खाने की बात को लेकर हुवे आक्रोशित**

**बैंड बाजे के साथ निकली चूहों की बारात**

**छत्तीसगढ़ के मंत्रियों पर लगाया धान खाने का आरोप**

**पुलिस बेरी गेटिंग को तोड़कर पहुंचे जिला मुख्यालय**

**SDM को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**







**दुर्ग।** दुर्ग में करोड़ों के कथित धान घोटाले को लेकर कांग्रेस ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। जहां धान को चूहा खाने के बयान को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रोशित नजर आए और प्रदेश सरकार के खिलाफ अनोखे अंदाज़ में विरोध जताया।

इस दौरान,सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने राजीव भवन से बैंड-बाजे के साथ चूहों की बारात निकालते हुए सड़कों पर उतरे। हाथों में तख्तियां, प्रतीकात्मक चूहे और नारों के जरिए कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार और मंत्रियों पर गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश की भाजपा सरकार करोड़ों रुपये के धान घोटाले को ÷चूहा खा गया÷ कहकर पल्ला झाड़ रही है, जो किसानों के साथ बड़ा धोखा है।

वहीं प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बेरीकेडिंग तोड़ते हुए जिला मुख्यालय तक मार्च किया। इस दौरान माहौल पूरी तरह राजनीतिक नारों से गूंजता रहा। पुलिस बल मौके पर तैनात रही और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश करती रही।

जिसका लेकर प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एसडीएम को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। और ज्ञापन के माध्यम से धान घोटाले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की । कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि घोटाले में सत्ता से जुड़े लोग शामिल हैं, इसलिए मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com